# नगर निगम फिरोजाबाद



# Covid-19





## मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में कोविड–19 आपदा में किये जा रहे कार्यों का विवरण

Nagar Nigam Firozabad

Municipal Corporation Firozabad

nagarnigamfzd@gmail.com

http://firozabadnagarnigam.com/



# नगर निगम फिरोजाबाद

## अनुक्रमणिका


| क्र.स. | कोविड–19 आपदा से बचाव हेतु नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा किये गये प्रयास | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सैनेटाइजेशन कार्य का विवरण | 3–23 |
| 2 | कम्युनिटी किचन | 24–30 |
| 3 | सब्जियों एवं आवश्यक वस्तुओं की डोर स्टेप डिलीवरी | 31–35 |
| 4 | लॉकडाउन के कारण बेरोजगार हुये श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण | 36–41 |
| 5 | नाला सफाई कार्यक्रम | 42–54 |
| 6 | क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन कैंम्प्स के अपशिष्ट का प्रबंधन | 55–58 |
| 7 | शहर के प्रमुख स्थानों पर साबुन से हाथ धोने की सुविधा | 59–61 |
| 8 | 24 घंण्टे सक्रिय कन्ट्रोल रूम की स्थापना | 62–63 |
| 9 | सामाजिक दूरी बनाये जाने हेतु किये गये प्रयास | 64–66 |
| 10 | कोविड से बचाव के लिये जनजागरूकता अभियान | 67–69 |
| 11 | निराश्रित पशुओं हेतु चारे की व्यवस्था | 70–73 |
| 12 | आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड कराने हेतु किये जा रहे प्रयास | 74–75 |
| 13 | नगर निगम कर्मचारियों के प्राथमिक परीक्षण हेतु थर्मल स्कैनिंग | 76–78 |
| 14 | फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल स्प्रे का कार्य | 79–80 |
| 15 | कोविड–19 महामारी को फैलने से बचाने हेतु मास्क वितरण | 81–83 |
| 16 | गार्बेज वल्नरेबल बिन्दुओं का उन्मूलन | 84–85 |
| 17 | शहर में बाहर से आये व्यक्तियों का डोर–टू–डोर सर्वे | 86–87 |
| 18 | मीडिया की नजर से | 88–93 |

# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

## सैनेटाइजेशन कार्य का विवरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सैनेटाइजेशन

- कोविड–19 पूरे विश्व में फैल रहा है और इसे विश्वस्तर पर महामारी घोषित किया जा चुका है। कोरोना वायरस से बचाव के लिये नगर निगम फिरोजाबाद भी पूरी तरह से सतर्कता बरत रहा है। शहर को 01 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइट के घोल से सैनिटाइज कराये जाने हेतु सरकार द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है जिसके क्रम में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा युद्ध स्तर पर शहर में मुख्य मार्गों सहित मोहल्लों की छोटी–छोटी गलियों को सैनेटाइज कराये जाने का कार्य किया जा रहा है।
- नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा अब तक सैनेटाइजेशन कार्य हेतु 50 टन 12 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट दो चरणों में क्रय किया जा चुका है। वर्तमान में प्रतिदिन 1400 लीटर 12 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट से 1 प्रतिशत घोल तैयार कर शहर में सैनेटाइजेशन किया जा रहा है।
- नगर निगम द्वारा इस आपदा को देखते हुये हाल ही में लगभग 40 टन सोडियम हाइपोक्लोराइट के भण्डारण की व्यवस्था की गई है।
- नगर निगम फिरोजाबाद 70 वार्डों में विभाजित है जिसमें निम्नानुसार मशीनों से सैनेटाइजेशन कराया जा रहा है।

| क्र0सं0 | स्प्रे मशीन | क्षमता | संख्या | उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पेट्रोल चालित | 25 लीटर | 70 | प्रत्येक वार्ड हेतु स्वतन्त्र रूप से |
| 2 | हस्त चालित | 16 लीटर | 80 | प्रत्येक वार्ड हेतु स्वतन्त्र रूप से (10 अतिरिक्त मुख्य स्थलों हेतु) |
| 3 | बैटरी चालित | 16 लीटर | 10 | प्रमुख सतर्कता स्थलों हेतु |
| 4 | पेट्रोल चालित टाटा एस पर अधिष्ठापित | 1000 लीटर | 05 | वार्डों के प्रमुख मार्गों हेतु |
| 5 | मुख्य मार्गों हेतु टैंकर पर अधिष्ठापित | 4000 लीटर | 02 | प्रमुख बाजारों व चौड़े मार्ग हेतु |
| 6 | जैटिंग मशीन पर अधिष्ठापित | 7000 लीटर | 01 | प्रमुख मार्गों हेतु |
| 7 | स्कूटर रिक्शा पर अधिष्ठापित | 1000 लीटर | 01 | वार्डों में आन्तरिक मुख्य गलियों हेतु |
| 8 | हाथ ठेला पर अधिष्ठापित पेट्रोल चालित | 120 लीटर | 01 | वार्डों की अत्यन्त सकरी व लम्बी गलियों हेतु |
| 9 | ब्लोवर बेस्ड मिस्टिंग मशीन | 5000 लीटर | 01 | हॉट स्पॉट एरिया के मुख्य मार्गो हेतु |

- इसके अतिरिक्त नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा अग्निशमन विभाग को सैनेटाइजेशन हेतु प्रतिदिन 250 से 300 लीटर 12 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट उपलब्ध कराया जा रहा है।
- शहर के विभिन्न सरकारी संस्थानों तथा जिला अस्पताल को भी 12 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट मॉंग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जा रहा है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

- शहर के सैनेटाइजेशन कार्य कराये जाने के उपरान्त गैराज में गाड़ी खड़ी करने से पूर्व गेट पर वाहनों के सैनेटाइजेशन हेतु वाहन सैनेटाइजेशन स्टेशन स्थाई रूप से बनाया गया है।
- नगर निगम द्वारा सभी Epicentre/hot-spot क्षेत्र की सभी गलियों व सभी घरों को प्रतिदिन सैनेटाइज कराया जाता है। सभी क्वारांटाईन घरों को भी सूचना प्राप्त होते ही सघन रूप से सैनेटाईज कराया जाता है।
- मण्डी समिति, सभी क्लीनिक, राशन दुकानें ,बैंक व अन्य सभी सार्वजनिक स्थलों जहाँ जनता का आवागमन अधिक होता है, को प्रतिदिन सैनेटाइज कराया जाता है।
- सरकारी बसों, थाने के वाहनों व नगर निगम के सभी कूड़ा वाहनों को भी प्रतिदिन सैनेटाइज कराया जाता है।
- प्रतिदिन औसतन 50000 घरों को सैनेटाइज किया जाता है।
- नगर में चिन्हित हॉटस्पॉट में सैम्पलिंग व अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाओं हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 04 सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी नामित किये गये हैं एवं नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा प्रतिदिन सैनेटाइजेशन कार्य की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद को प्रेषित की जा रही है |



कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद।

पत्रांक– मु0चि0अ0/कोरोना वायरस/हॉट स्पॉट/2020–21/ 8591 दिनांक– 11/04/2020

आदेश

विषयः– हॉट स्पॉट नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाने के संम्बन्ध में।

जनपद फिरोजाबाद में कोरोना वायरस (कोविड–19) को दृष्टिगत तात्कालिक प्रभाव से निम्नलिखित अधिकारियों को आदेशित किया जाता है कि वह हॉट स्पॉट स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाते है। सम्बन्धित अधिकारी अपने क्षेत्र में कार्य करना सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | नोडल अधिकारी का नाम | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|
| 1 | डा0 विनोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | हॉट स्पॉट– प्रताप पुरा, टुण्डला। |
| 2 | डा0 के0के0 गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | हॉट स्पॉट– मोती मस्जिद होली वाली भट्टी, थाना रसूलपुर |
| 3 | डा0 मोहम्मद फारूख, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | हॉट स्पॉट– सुलेमान फारसी मस्जिद, दुर्गेश नगर |
| 4 | डा0 एम0के0 माथुर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | हॉट स्पॉट– शीश ग्राम मस्जिद शीश ग्राम |
| 5 | डा0 अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी। | हॉट स्पॉट– होली फैथ मोहल्ला हुसैनी। |

नोट– सम्बन्धित नोडल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में सभी निरोधात्मक कार्यवाही एवं सैम्पल भेजने की कार्यवाही की समीक्षा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रतिदिन करें तथा कम से कम 4 सैम्पल किसी भी क्षेत्र में अवश्य जॉच करायें। उक्त ड्यूटी में कार्यरत समस्त अधिकारी का वेतन प्रतिदिन की रिपोर्ट के आधार पर आहरित किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फिरोजाबाद

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–

1. निर्देशक वैक्टर जनित एवं संक्रामक रोग उ0प्र0 लखनऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मण्डलीय अपर निर्देशक, आगरा मण्डल आगरा।
3. जिलाधिकारी फिरोजाबाद।
4. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फिरोजाबाद



कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम फिरोजाबाद

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय,

आज दिनांक 24.04.2020 को नोवेल कोरोना वायरस–19 (कोविड – 19) से बचाव एवं रोकथाम हेतु नगर निगम फिरोजाबाद में मा0 महापौर महोदया व नगर आयुक्त महोदय के आदेशानुसार नगर निगम क्षेत्र को 05 सेक्टर में बांटकर 05 टीमों का गठन करते हुये युद्ध स्तर पर सैनेटाईजर हेतु टीमें निकाली गयी, जिसमें उक्त टीमो द्वारा प्रातःकालीन शिफ्ट में 74 पेट्रोल स्प्रे मशीन, 06 बैटरी स्प्रे मशीन, 80 हस्तचालित स्प्रे मशीनो, 4000 लीटर क्षमता के 02 टैंकर द्वारा 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त 4000 लीटर के प्रथम टैंकर क्षमता द्वारा 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे खाद्य एवं रसद विभाग होते मेडिकल कालेज तक में 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त रिक्शा माउण्ट जैटिंग मशीन द्वारा 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे मो0 टीला होते हुये राजपुताना चौराहे तक, राजपूताना चौराहे सें बोहरान गली, बोहरान गली से बडी छपैटी तक, बडी छपैटी से बाजे वाली गली तक, बाजे वाली गली से नक्काशी टोला तक व आस–पास का क्षेत्र में 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त 7000 लीटर जैटिंग मशीन द्वारा रामगढ थाने से नगला बरी तक, नगला बरी से रेशमा धर्मकॉटा तक, रेशमा धर्मकॉटा से रसूलपुर थाने होते हुये नगला बरी तक, नगला बरी से शीतल खॉ रोड तक, शीतल खॉ रोड से चौकी गेट तक, चौकी गेट से आगाशाह मस्जिद तक, आगाशाह मस्जिद से सम्पतराम चौराहे तक, सम्पतराम चौराहे से रसूलुपर थाने तक 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त मक्का कालोनी, जाटवपुरी, आकाशवाडी रोड, करीमगंज, चिश्तीनगर पेमेश्वर गेट, हुण्डा वाला बाग, नीबू वाला बाग, नया रसूलपुर, एकता नगर, जोशियान, छोटी छपैटी, नन्दराम चौक, नई बस्ती, कटरा सुनारान, मोहल्ला टीला, बोहरान गली, अट्टा वाला बाग, नया रसूलपुर, मोहम्मदगंज, बगिया, राजपुताना, कस्सवान, हुसैनी, इमामबाडा, शीशग्रान, मसरूरगंज, पुराना रसूलपुर, तीसफुटा, आशफगंज, रहमत नगर, हाजीपुरा, वकीलपुरा, गालिबनगर, जाटवपुरी आंशिक, राही नगर, नसीरगंज, शीतल खॉ, हनुमान गंज, मोहल्ला दुली, मोहल्ला गंज, गॉधीनगर, कन्हैया लाल की जीन, दम्मामल नगर, हरीनगर, आर्यनगर, शिवनगर, मोहल्ला गंज, वॉटर वर्क्स कम्पाउण्ड, हनुमान गढ, ओम नगर, दुर्गानगर, पुरानी मण्डी, शेख लतीफ, इमामबाडा, चौकी गेट, मोहम्मदपुर, करबलां, नेहरू नगर, भीमनगर, जगजीवन नगर, रामनगर, महावीर नगर, देव नगर, पुरूषोत्तम नगर, हिमायूँपुर, तुलसी विहार, नई आबादी, नगला पचिया, सुहाग नगर सेक्टर 04, टापाकलां, शान्तिनगर, बौद्धाश्रम, भगवान नगर, न्यूरामगढ, कौशल्या नगर, टापापैठ, ककरऊ, बजरंग नगर, सरस्वती नगर, गोमती नगर, मथुरा नगर, इन्द्रपुरी, ओझानगर, सत्यनगर, दखल, जैन मन्दिर, लक्ष्मीनगर, नगला भाऊ, गोविन्द नगर, रैहना, परशुराम कालोनी, आजाद नगर, श्यामनगर, बासठ, लवकुश नगर, चन्द्रवार गेट, रामनगर, मेहताब नगर, नई आबदी, नगला विश्नू, दतौजी कलां, लेवर कालोनी, नई आबादी, छपरिया, लालपुर, बिलाल नगर, नगला गुलरिया, अम्बे नगर, मक्का कालोनी, करीमगंज, कश्मीरी गेट, नूरी मस्जिद, साठफुटा रोड, अजीमाबाद चौराहा, चिश्तीनगर, फाजिलगंज, दीदामई, मसूरीगंज, विजय नगर

Scanned with CamScanner



नगला बरी आंशिक, साठफुटा रोड, शीशग्रान कब्रिस्तान, संतनगर में शेल्टर होम, कन्हैयानगर, लाखन सिंह स्कूल के आस–पास वाली गलियों में, गोपीनाथ इण्टर कालेज, जैन नगर में चन्द्रशेखर स्कूल सर्विस रोड, सतेन्द्र यादव वाली गली, सिंह साहब वाला रोड, पं0 दीनदयाल आश्रम स्कूल, झलकारी नगर, नगला भाऊ, रैहना, टापाकलां, मथुरा नगर से होते हुये फिरोजाबद क्लब तक, नगला विश्नू, रामनगर में छारबाग होते हुये स्वर्गाश्रम तक, संतनगर, मोंहननगर, लेबर कालोनी, जे0पी0 वाली गली, गणेश चौक, मैन रोड, सिंधी मोहल्ला तक, सत्यनगर, दखल, किशननगर, दुर्गेश नगर, राठौर नगर , नगला कोठी, बगदाद नगर,के आस–पास का क्षेत्र में 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे व मौपिंग कार्य कराया गया। इसके अतिरिक्त श्री भूपेन्द्र पुत्र श्री धर्मेन्द्र स्टेशन रोड भोजपुरा, श्रीमती रोशनी पत्नी श्री राम मोहन, खैरगढ, श्रीमती हुमैरा पत्नी श्री खलीम मोड, गली नं0 14 कश्मीरी गेट श्री अलफैद पुत्र श्री जमाल अहमद, गली नं0 14 कश्मीरी गेट, श्री मो0 अखिल पत्नी श्री मो0 उमर, मदीना कालोनी, श्री अहोद आमिर पुत्र श्री हाफिज मोहम्मद उमर, मदीना कालोनी,मो0 आसिम पुत्र श्री हाफिज मो0 उमर मदीना कालोनी, आतिफ अब्दुल्ला पुत्र श्री हफीज मो0 उमर मदीना कालोनी, श्रीमती मुनेआ खातुन पत्नी श्री हफीज मो0 उमर, मदीना कालोनी, श्री मुकेश पुत्र श्री छोटे लाल, मदीना कालोनी, श्री राजेन्द्र पुत्र श्री रामप्रकाश नई आबादी, श्री ब्रजेन्द्र पुत्र श्री रामप्रकाश नई आबादी, श्री प्रेम पुत्र श्री ब्रजेन्द्र नई आबादी घंटाघर, श्रीमती फुलमाला पत्नी श्री ब्रजेन्द्र नई आबादी घंटाघर, कु0 वर्षा पुत्री श्री ब्रजेन्द्र नई आबादी घंटाघर, कु0 रानी पुत्री श्री रामप्रकाश नई आबादी घंटाघर, श्रीमती कमल किशोरी पत्नी श्री प्रकाश नई आबादी घंटाघर, श्री अरविन्द पुत्र श्री रामप्रकाश नई आबादी घंटाघर, श्रीमती सोनल सिंघल पत्नी श्री अंकित सिंघल 42, मो0 चाऊ घंटाघर, श्री हाफिज मो0 उमर पुत्र श्री मो0 जफर रामगढ, श्रीमती विद्या सागर पत्नी श्री शिव नारायन, सत्यनगर कोटला रोड, श्री अन्नम आकाशवाडी रोड, श्री फरूख शीशग्रान मस्जिद, श्री जैनब शीशग्रान मस्जिद, श्रीमती जैनुद बेगम शीशग्रान मस्जिद, श्रीमती हामदा जुनैदी शीशग्रान मस्जिद, मकान के आसपास क्षेत्र में 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे व मौपिंग कार्य कराया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त क्वारेंटाईन सेन्टर 01. अब्बू हुरैरा महाविद्यालय, 02. मदीना मुसाफिरखाना इमामबाडा, 03. सेफउल्लाह निवास नई बस्ती, 04. यूनिटी हॉस्पीटल मीरा चौराहा, 05. ट्रामा सेन्टर प्राइवेट, 06. जिला चिकित्सालय, 07. गर्ग होटल, 08. राजा ताल स्थित पैराडोर होटल, 09. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीदामई, 10. 100 रोड पं0 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय पंडित विद्यालय बजीरपुर, जेहलपुर फिरोजाबाद के आस–पास का क्षेत्र में 1 % सोडियम हाईपोक्लोराईट सोल्यूशन का स्प्रे व मौपिंग कार्य कराया गया।

| क्र0 सं0 | मोहल्लो में | घरो में | बैंकों में | सरकारी कार्यालयों में | हॉस्पीटलों में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 132 | 45420 | 15 | 14 | 10 |

सूचनार्थ प्रेषित।

24.04.2020
जौनल सैनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

Scanned with

# नगर निगम फिरोजाबाद

## नगर निगम परिक्षेत्र में चिन्हित हॉटस्पॉट एरिया का मानचित्र



# नगर निगम फिरोजाबाद

## सैनेटाइजेशन हेतु मशीनरी

### हस्त चालित स्प्रे मशीन क्षमता 16 लीटर, कुल संख्या 80





### बैटरी चालित स्प्रे मशीन क्षमता 16 लीटर, कुल संख्या 10





नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# नगर निगम फिरोजाबाद

## ब्लोवर बेस्ड मिस्टिंग मशीन क्षमता 5000 लीटर







## पेट्रोल चालित पावर स्प्रेयर मशीन क्षमता 25 लीटर कुल संख्या 70





# नगर निगम फिरोजाबाद

## जैटिंग मशीन क्षमता 7,000 लीटर





## टैंकर स्प्रेयर मशीन क्षमता 4,000 लीटर





# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

हैण्डकार्ट माउंटिड स्प्रेयर क्षमता 120 लीटर




रिक्शा माउंटिड स्प्रेयर मशीन क्षमता 1000 लीटर



पेट्रोल चालित टाटा ऐस पर अधिष्ठापित क्षमता 1000 लीटर



# नगर निगम फिरोजाबाद

## मा0 महापौर महोदया एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा सैनेटाइजेशन कर्मियों को अभिप्रेरित किया गया।










# नगर निगम फिरोजाबाद

## शहर के विभिन्न स्थानों पर सैनेटाइजेशन का कार्य











# नगर निगम फिरोजाबाद

## क्वारांटाईन कैंम्प्स/क्वारांटाईन होम्स में सैनेटाइजेशन कार्य

शहर में निम्न सूची अनुसार 08 क्वारांटाईन सेंटर्स स्थापित किये गये है। जिनका नियमित रूप सैनेटाइजेशन किया जा रहा है।

| | |
|---|---|
| **1.** यूनिटी हास्पीटल, | **5.** जिला चिकित्सालय |
| **2** मदीना मुसाफिर खाना इमामबाडे के पास | **6.** सेवार्थ संस्थान सेठ विमल कुमार जैन ट्रामा सेन्टर एण्ड फिजियोथेरेपी धर्मार्थ समिति |
| **3.** अबू हुरैरा बालिका महाविद्यालय रामगढ थाने के पास | **7.** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दीदामई |
| **4.** सैफुल्ला निवास नई बस्ती करबला चौराहे के पास | **8.** 100 वैड पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय पद्धिति विद्यालय बजीरपुर जेहलपुर |






# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## रोगी वाहनों का सैनेटाइजेशन

- नगर निगम परिक्षेत्र में प्रतिदिन औसतन 30 रोगी वाहनों का सैनेटाइजेशन प्रतिदिन किया जा रहा है।








# नगर निगम फिरोजाबाद

## कूड़ा प्रबंधन वाहनों का सैनेटाइजेशन

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में लगे वाहनों का कार्य से पूर्व एवं बाद में 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइट से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है।
- प्रतिदिन कूड़ा प्रबंधन में लगे 95 वाहनों का सैनेटाइजेशन किया जाता है।








# हॉटस्पॉट और सफाई वाहन कराए सैनिटाइज

## चालक, क्लीनर सहित 150 कर्मचारियों की हुई थर्मल स्क्रीनिंग

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: कोरोना की चेन तोड़ने को नगर निगम द्वारा की जा रही कवायद में गुरुवार को कर्मचारियों का परीक्षण कराया गया। साथ ही सभी वाहन भी सैनिटाइज किए गए।

जिला प्रशासन द्वारा सील किए गए हॉट स्पॉट एरिया में रसूलपुर, दुर्गेश नगर, सलमान फारसी मस्जिद, शीशग्रान, हुसैन मुहल्ला, चौकी गेट, मशरूरगंज, कोठी नवी गंज, तीस फुटा, आगा शाह मस्जिद हाजीपुरा, करीम नगर, नेहरू नगर एरिया को टैंकर, सीवर जेटिंग मशीन व पेट्रोल चलित मशीनों से सैनिटाइज कराया गया। हॉट स्पॉट एरिया में काम करने वाले 40 सफाई कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई। नगर आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि जलकल विभाग में छोटे-बड़े सभी 180 वाहनों को सैनिटाइज कराया गया। इसके साथ 150 वाहन चालक, क्लीनरों व सफाईकर्मियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई।

सफाई कर्मियों को दी गई क्लोरोक्वीन टेबलेट: परीक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों को दवाई भी खिलाई जा रही है।

जेडएसओ दलवीर सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग से 400 एमजी की हाइड्रोक्सी क्लोरोक्विन दवा सुबह-शाम दी गई है। एक सप्ताह बाद दोबारा यह दवा दी जाएगी।

नगरनिगम के कूड़ा वाहनों को सेनेटाइज कराते नगर आयुक्त विजय कुमार • जागरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अन्य शहरों से आने वाले वाहनों का सैनेटाइजेशन

- नगर निगम सीमान्तर्गत वैधानिक अनुमति से आ रहें वाहनों का बैरियर लगाकर सैनेटाइजेशन किया जा रहा है।
- इस कार्य हेतु सुभाष तिराहें पर बैरियर लगाकर सैनेटाइजेशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।








## सरकारी इमारतों एवं कार्यालयों का सैनेटाइजेशन

- शहर की सभी थानों, प्रमुख बैंको मे प्रतिदिन सैनेटाइजेशन किया जाता है।
- शहर के खुलने वाले सभी सरकारी दफ्तरों में भी नियमित रूप से सैनेटाइजेशन किया जाता है।









## सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का सैनेटाइजेशन

- शहर में कुल 26 सामुदायिक एवं 04 सार्वजनिक शौचालयों का सैनेटाइजेशन प्रत्येक छः घण्टे के अन्तराल पर किया जाता है।
- साथ ही सभी मूत्रालयों का भी नियमित रूप से छः घण्टे के अन्तराल पर सैनेटाइजेशन किया जाता है।



**COVID-19**

**कार्यालय, नगर आयुक्त, नगर निगम फिरोजाबाद**

पत्रांक 200 /सा0प्र0/न0आ0–एस0टी0/2020–21 दिनांक 21, अप्रैल 2020

जोनल सैनेट्री आफीसर/
समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक
नगर निगम फिरोजाबाद।

वर्तमान में कोविड–19 की रोकथाम व इससे बचाव हेतु नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा शहर में वृहद स्तर सैनेटाइजेशन कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि नगर निगम फिरोजाबाद क्षेत्र के समस्त सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों एवं मूत्रालयों में प्रत्येक 06 घंटे के अंतराल पर नियमित रूप से सैनेटाइजेशन का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करायें। इस हेतु लिखित रूप से सम्बन्धित कार्मिकों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। समस्त सम्बन्धित स्वच्छता निरीक्षक अपने–अपने क्षेत्रों में उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु उत्तरदायी होंगे। जोनल सैनेट्री आफीसर स्वयं. क्षेत्र में भ्रमण कर इसका अनुपालन/अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे।

उक्त निर्देशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। अनुपालन न होने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी।

21/04/2020
(विजय कुमार)
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

संख्या व तद्दिनांक
प्रतिलिपि :– नगर स्वास्थ्य अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करायें।

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

Scanned with CamScanner






# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## सैनेटाइजेशन हेतु फायर टेंडर का प्रयोग

- शहर में चिन्हित 14 हॉटस्पॉट एरिया के सैनेटाइजेशन में फायर टेंडर का भी प्रयोग किया जा रहा है।
- सैनेटाइजेशन हेतु 01 बड़ी मशीन लगाई गई है, जिसकी क्षमता 4,000 ली0 है।
- 01 छोटी मशीन का भी प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी क्षमता 400 ली0 है।

### कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक :162 /सा0प्र0/2020–21 दिनांक 16/4/2020

**आदेश**

नोबेल कोरोना वायरस – 19 (कोविड – 19) से बचाव एवं रोकथाम हेतु नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत नगर निगम द्वारा एक जैटिंग मशीन, दो टैंकर, एक रिक्शा माउण्टड जैटिंग, 10 बैटरी चालित स्प्रे पम्प एवं 05 पेट्रोल चालित स्प्रे पम्प के अतिरिक्त 80 मैनुअल पम्पों से समस्त 70 वार्डो में 1 % सोडियम हाइपोक्लोराईड सोल्यूशन से सैनेटाइजिंग का कार्य कराया जा रहा है। कोविड – 19 नामक महामारी से फिरोजाबाद नगर में 17 पोजीटिव केश होने की जानकारी है जो वार्ड नं0 64 शीशग्रान, हुसैनी, वार्ड नं0 47 दुर्गेश नगर एवं वार्ड नं0 69 राही नगर में होने के कारण यह क्षेत्र एवं इसके एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र हॉट स्पाट बने हुए है। जिनमें 26 वार्ड आते है तथा वार्ड नं0 64 हुसैनी, शीशग्रान, मोती मस्जिद, होलीफेट स्कूल, राही नगर, हाजीपुरा, आदि क्षेत्र सील है। ऐसी स्थिति में सैनीटाईजिंग कार्य हेतु फायर सर्विस की एक बडी/एक छोटी कुल दो गाडियों को भी इस सैनीटाईजिंग कार्य में लगाये जाने की अति आवश्यकता है।

अतः कोरोना वायरस – 19 से बचाव एवं रोकथाम के दृष्टिगत हॉट स्पाट एरिया को सैनीटाईज करने हेतु फायर सर्विस की दोनो गाडियों का एक सप्ताह का रूट चार्ट निम्न प्रकार है।

| क्र0सं0 | दिनांक | 1 % सोडियम हाइपोक्लोराईड सोल्यूशन से सैनेटाईज करने हेतु वार्डो का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | 17.04.2020 | विवेकानन्द चौराहा से थाना रसूलपुर दोनो साईड, वार्ड नं0 64 हुसैनी एवं वार्ड नं0 49 हनूमानगंज, 23 पुरानी मण्डी की गलियाँ। |
| 02 | 18.04.2020 | सैन्ट्रल चौराहा से जलेसर रोड, शिवाजी मार्केट रोड, मो0 दुली, सरकूलर रोड, वार्ड नं0 64 हुसैनी, वार्ड नं0 23 पुरानी मण्डी, वार्ड नं0 70 शीतल खाँ, वार्ड नं0 16 हनूमानगढ में ओम नगर तक सभी गलियाँ एवं रोड। |
| 03 | 19.04.2020 | घंटाघर से नालबन्द पुलिया तक, आगा शाह मस्जिद रोड, वार्ड नं0 67 हाजीपुरा, वार्ड नं0 64 हुसैनी, वार्ड नं0 68 गालिब नगर की गलियां एवं सरकूलर रोड। |
| 04 | 20.04.2020 | वार्ड नं0 47 दुर्गेश नगर रेशमा धर्म कॉटा से सलमान फारसी मस्जिद तक गलियां, बशन हास्पीटल, जाटवपुरी, चौराहा, वार्ड नं0 61 रामगढ थाना रोड, आकाशवाणी रोड, वार्ड नं0 60 मक्का कालोनी में करीमगंज क्षेत्र। |
| 05 | 21.04.2020 | थाना रसूलपुर से आसफाबाद वार्ड नं0 22 आसफाबाद, वार्ड नं0 21 लालपुर, वार्ड नं0 63 छपरिया, आकाशवाणी रोड, वार्ड नं0 56 ऊर्दू नगर आदि में सैनेटाइजिंग का कार्य। |
| 06 | 22.04.2020 | वार्ड नं0 57 नगला वरी, 60 फुटा रोड, वार्ड नं0 54 चिश्ती नगर, वार्ड नं0 52 दीदामई, रामगड रोड, वार्ड नं0 60 मक्का कालोनी, एवं वार्ड नं0 47 दुर्गेश नगर व सलमान फारसी मस्जिद क्षेत्र। |
| 07 | 23.04.2020 | घंटाघर से नालबन्द चौराहा, बोहरान गली वार्ड नं0 51 कटरा सुनारान, वार्ड नं0 46 मोहल्ला टीला, वार्ड नं0 53 बगिया, उर्वशी रोड, वार्ड नं0 14 डाकबंगला एवं वार्ड नं0 50 नया रसूलपुर के मुख्य रोड एवं गलियों में सैनेटाईजिंग कार्य। |

उपरोक्त रूट चार्ट में मुख्य रोड एवं वार्डो की गलियां सम्मिलित है तथा उक्त क्षेत्र हॉट स्पॉट क्षेत्र है तथा एक किलोमीटर की परिधि में आता है। सैनेटाईजिंग करते समय लाकडाउन के नियमों का अक्षर : पालन किया जाये।

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद

संख्या व दिनांक तदैव
प्रतिलिपि :

01. आयुक्त महोदय आगरा मण्डल आगरा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. मा0 महापौर महोदया, नगर निगम फिरोजाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
03. जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
04. वरिष्ट पुलिस अधीक्षक महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
05. पुलिस अधीक्षक (नगर) को सूचनार्थ।
06. नगर स्वास्थ्य अधिकारी/जौनल सैनेटरी ऑफीसर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. प्रभारी निरीक्षक, फायर सर्विस फिरोजाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
08. समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को अनुपालनार्थ।

16/04/2020

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद





# नगर निगम फिरोजाबाद

## सैनेटाइजेशन कार्य (मीडिया की नजर से)

### नगर आयुक्त ने सैनीटाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण



वाहनों को सैनीटाइज कराते नगर आयुक्त विजय कुमार

फिरोजाबाद। नगर आयुक्त विजय कुमार ने गुरुवार को शहर में हो रहे सैनीटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए सैनीटाइजेशन कार्य करने के निर्देश दिए। गुरुवार को नगर आयुक्त विजय कुमार ने जलकल विभाग कार्यालय के बाहर खड़े वाहनों को सैनीटाइज कराया। इसके बाद जलेसर रोड चौराहा पर सैनेटाइजेशन टीम से जानकारी हासिल की। उन्होंने कर्मचारियों से सैनेटाइजेशन के दौरान पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस महामारी के दौरान आप सभी लोगों द्वारा पूर्ण मेहनत के साथ शहर को कोविड-19 से बचाव हेतु प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए आप सभी प्रशंसा के पात्र है। निगम का एक-एक कर्मचारी हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। सभी लोग सैनीटाइजेशन के दौरान अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए पूरी सतकर्ता के साथ सैनीटाइजेशन कार्य करें। वही नगर आयुक्त ने जोनल सैनेट्री आफिसर को समस्त सफाई कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में मास्क, ग्लव्स, सैनेटाइजर आदि सामान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।


शनिवार को गाड़ियों से नगर निगम के कर्मचारी वाहनों, दुकानों और हॉट स्पॉट एरिया को सेनेटाइज करते हुए। • हिन्दुस्तान

### हॉट स्पॉट क्षेत्रों में सर्विलांस और सेनेटाइज का काम तेज

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

सीलिंग क्षेत्र में लगातार मिल रहे पॉजिटिव मामलों को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के साथ नगर निगम की टीमों ने सर्विलांस के अलावा सेनेटाइज का काम पूरी सतर्कता के साथ किया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर घर जाकर बाहरी व्यक्तियों की जानकारी हासिल की तो वहीं नगर निगम की टीमों ने स्प्रे मशीनों द्वारा सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसके दीक्षित ने बताया स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एसीएमओ की देखरेख में लगभग 5000 घरों का सर्वे किया तथा घरों में जाकर यह देखा कोई बाहरी व्यक्ति तो छुपकर नहीं रह रहा है। नगर निगम की टीमों ने पूरे प्रतिबंधित क्षेत्र में नाकाबंदी के साथ मकान दुकान और मुख्य सड़कों पर दवा का स्प्रे मशीन और टैंकरों द्वारा पूरे क्षेत्र को सेनेटाइज किया। स्वच्छता निरीक्षक अरविंद भारती के अनुसार सीलिंग क्षेत्र के अलावा नगर के अन्य भागों में भी सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा का जगह-जगह छिड़काव किया। उन्होंने आगे बताया नगर के सभी वार्डों में सेनेटाइज संबंधित पार्षदों के अलावा सुपरवाइजर की देखरेख में किया जा रहा है तथा जहां से भी मांग की जाती है नगर निगम की टीमें वहां भी हाइड्रोक्लोराइड दवा का छिड़काव करने में जुटी हुई हैं।


रविवार को बाजार में एक दुकान के सामने हाइपोक्लोराइट का छिड़काव कराते नगर आयुक्त और अन्य अधिकारी। • हिन्दुस्तान

### 70 वार्डों में नई मशीनों से सैनिटाइजेशन

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद : जिले कोरोना पॉजिटिव मरीजों का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे हर कोई दहशत में है। कोरोना महामारी रोकने के लिए नगर निगम ने बुधवार से सभी 70 वार्डों में नई स्प्रे मशीनों से सेनिटाइजेशन शुरू करा दिया। हर वार्ड के सुपरवाइजरों को अपने-अपने वार्ड को सेनिटाइज करने की जिम्मेदारी दी गई है।

**सुरक्षा**

- पार्षदों की डिमांड पर नगर निगम द्वारा दिल्ली से मंगाई गई मशीन
- हॉट-स्पॉट क्षेत्र में टैंकर व सीवर जेटिंग मशीन से चला अभियान

पार्षदों की डिमांड पर नगर निगम प्रशासन द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली से 70 पेट्रोल चालित स्प्रे मशीनें मंगाई थी। जेडएसओ दलवीर सिंह द्वारा वार्ड के सभी सुपरवाइजरों को वितरित कराया गया। सुबह आठ बजे सुपरवाइजरों ने कर्मचारियों की मदद नई मशीनों से गली, मुहल्लों को सेनिटाइज करना शुरू कर दिया। इधर जिले में हॉट-स्पॉट एरिया की नगर आयुक्त विजय कुमार द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रशासन द्वारा सील कराए गए एरिया हुसैन मुहल्ला, दुर्गेश नगर, करीम गंज, शीशग्रान, मोती मस्जिद, नगला मिर्जा, रसूलपुर सहित आसपास के पूरे एरिया को टैंकर व सीवर जेटिंग मशीन से सेनिटाइज कराया गया।

नेहरू नगर हुआ सील, सेनिटाइज को दौड़े कर्मचारी: मंगलवार की देर शाम सात साल के बच्चे सहित छह नए कोरोना पॉजिटिव सामने आए थे। इसमें एक पॉजिटिव केस नेहरू नगर क्षेत्र में मिला था।


टैंकर से सेनेटाइजिंग करते नगरनिगम कर्मी • जागरण

संक्रमित युवक पिछले दिनों बाहर से आया था। तबियत खराब होने पर उसका सैंपल लिया गया था, जिसमें वह पॉजिटिव पाया गया। जिला प्रशासन द्वारा रात में ही पूरा एरिया सील करा दिया गया। नगर निगम टीम द्वारा नेहरू नगर, करबला, देवनगर, भीमनगर, संजय पिंटू रोड सहित सुहागनगर के तीनों सेंटरों को सेनिटाइज किया गया।

### नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में सैनेटाइजर का कराया छिड़काव


बस स्टैंड के आस-पास सैनेटाइजर करते नगर निगम स्वास्थ्य कर्मचारी

फिरोजाबाद। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने तीन किलोमीटर के दायरे में बाहरी व्यक्तियों के जांच एवं मैपिंग के कराई। सर्विलांस के समय किसी को भी घरों से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही। तब्लीगी जमात से जुड़े व्यक्तियों के सम्पर्क में रहने वालों की स्वास्थ्य विभाग लगातार खोज कर रहा है। सीएमओ के निर्देश पर प्रतिबंधित चौकी गेट, आगाशाही मस्जिद, दुर्गेशनगर एवं नैनी ग्लास क्षेत्र में नाकाबंदी करते हुए बाकी बचे लगभग ढाई से तीन हजार घरों पर बाहरी लोगों के बारे में जानकारी हासिल की। टीमें परिवार में रहने वाले की संख्या, नाम एवं आधार कार्ड भी देख रही है। सर्विसलांस के साथ इलाकों में सफाई, दवा छिड़काव भी कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर निगम टीम ने बस स्टैंड के आस-पास प्रतिमाओं पर सैनेटाइजर से छिड़काव किया गया। इस दौरान जोनल सैनटरी आफिसर दलवीर सिंह, अरविंद भारती मौजूद रहे।


उच्च क्षमता वाली स्प्रे मशीन से हाईवे पर होकर वाहन से सेनेटाइज किया गया।

### सड़कों पर दौड़ी उच्च क्षमता वाली स्प्रे मशीन

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

शहर को अब चंद घंटों में ही सेनेटाइज किया जा सकेगा। जलकल विभाग द्वारा तैयार की गई 5000 लीटर की क्षमता वाली स्प्रे मशीन का आज शहर में ट्राई लिया गया जिसमें वह पूरी तरह सफल रही।

जलकल विभाग के सहायक अभियंता धर्मेंद्र सत्संगी ने बताया इस अत्याधुनिक उच्च क्षमता वाली मशीन का विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभाग के खर्चे पर ही तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मशीन को बनाने में लगभग एक माह का समय लगा। मंगलवार को लिए गए ट्रायल में यह मशीन अपने आप में पूरी तरह खरी उतरी है। उन्होंने बताया आज इसका नगर के हाईवे के अलावा अन्य स्थानों पर हाइड्रोक्लोराइड का स्प्रे किया गया। उन्होंने बताया कि ट्रायल के दौरान कुछ कमियां नजर आई हैं जिसे दो-तीन दिन में दूर कर दिया जाएगा। स्प्रे मशीन द्वारा हॉट स्पॉट के अलावा अन्य स्थानों पर सेनेटाइज करने में मदद मिलेगी। ट्रायल से पूर्व जलकल विभाग में अधिशासी अभियंता चंदन सिंह में भी स्प्रे मशीन का अवलोकन किया। स्प्रे मशीन लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही।

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सैनेटाइजेशन कार्य (मीडिया की नजर से)

कोरोना को हराना है

दैनिक जागरण 2
www.jagran.com

एक नजर में

### हॉटस्पॉट एरिया में मकान कराए सैनिटाइज

हॉटस्पॉट क्षेत्र में नगर निगम प्रशासन की कड़ी नजर, 2321 घरों में मशीनों ने किया सैनिटाइज, नगर आयुक्त ने संभाली कमान



### ऑनलाइन मदद कर रहे टैक्स क्लीनिक



---

हाइपोक्लोराइट का छिड़काव बुधवार से किया गया शुरू, संकरी गलियों में भी पहुंचकर लोगों के घरों को किया गया स्प्रे

# नई मशीनों से 70 वार्डों में सेनेटाइज करने का काम शुरू

अच्छी खबर

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

नई स्प्रे मशीन मिलने के साथ ही बुधवार को शहर के सेनेटाइज के कार्य में तेजी आ गई। सभी 70 वार्डों में संबंधित इंस्पेक्टरों की देखरेख में हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव एक साथ किया। नगर आयुक्त और मेयर ने लगातार इस कार्य की जानकारी ली और हर घर तक पहुंचकर स्प्रे करने को कहा।

जेडएसओ दलबीर सिंह ने बताया है कि अब नगर को सेनेटाइज करने में किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया अभी तक नगर निगम के पास केवल 5 स्प्रे मशीनें थी जिसके कारण प्रत्येक वार्ड में सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा के छिड़काव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर मंगलवार को 70 नई पेट्रोल चालित मशीन है खरीदी गई तथा उनका देर शाम वितरण भी करा दिया गया। बुधवार को सो गए संबंधित इंस्पेक्टर और सुपरवाइजरों की देखरेख में दवा के छिड़काव का काम शुरू करा दिया है।

**लोगों को संक्रमण से बचाएंगेः**

**मेयर :** मेयर नूतन राठौर ने कहा कि शहर में कई इलाकों में संक्रमण फैला हुआ है। प्रमुख मार्गों और संक्रमित इलाकों, कॉलोनियों की मुख्य गलियों को सेनेटाइज किया जा चुका है। लोगों की शिकायत थी कि संकरी गलियों में कोई सेनेटाइज नहीं करने आ रहा। नगर निगम में पहले चार ऐसी मशीनें थीं। अब सभी वार्डों के लिए खरीदी गई इन 70 मशीनों ने दवा का संकरी गलियों में छिड़काव करना शुरू कर दिया है।



नगर के विभिन्न वार्डों में पेट्रोल चालित मशीनों से बुधवार को हाइपोक्लोराइट दवा का स्प्रे करते कर्मचारी। • हिन्दुस्तान

---

# सेनेटाइजेशन में 30 हजार लीटर हाइपोक्लोराइट खर्च

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

कोरोना वायरस से शहर को बचाने के लिए नगर निगम अभी तक लगभग 30,000 लीटर सोडियम हाईपोक्लोराइट दवा का छिड़काव कर चुका है। जलकल विभाग ने समस्या को देखते हुए पंजाब से और दवा खरीदने की तैयारी की है।

शहर को सेनेटाइज करने की जिम्मेदारी नगर निगम के जलकल विभाग को सौंपी गई है। सेनेटाइज कराने में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, सेनेटाइज करने के लिए कई प्रकार की स्प्रे मशीनों के अलावा टैंकरों का उपयोग कर रहे हैं। स्वच्छता निरीक्षक इस कार्य के प्रभारी हैं। उन्होंने बताया है कि अभी तक पूरे शहर को लगभग 30,000 लीटर दवा से सेनेटाइज किया जा चुका है। उन्होंने बताया है कि कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अभी और सोडियम हाइपोक्लोराइट की आवश्यकता पड़ेगी। विभाग द्वारा पंजाब से और दवा को मंगाया जाएगा।

**रसूलपुर के सीलिंग क्षेत्र में विशेष ध्यान :** स्वास्थ्य विभाग के अलावा नगर निगम इस समय हॉट स्पॉट बने रसूलपुर के 5 किमी एरिया में विशेष रुप से सेनेटाइज कराने का काम करा रहे हैं। दोनों विभाग के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को भी स्प्रे मशीनों के साथ-साथ टैंकरों द्वारा हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव किया। मस्जिदों में भी इस दवा का दो या तीन बार छिड़काव किया जाता है।



शहर में इस तरह से रोजाना टीमें दुकानों, मकानों, सड़कों और सील इलाकों को सेनेटाइज करने में लगी हैं। • हिन्दुस्तान

### अन्य क्षेत्रों में भी सेनेटाइजेशन की मांग

स्वच्छता निरीक्षक ने बताया है कि हॉट स्पॉट के अलावा विभिन्न भागों में भी मांग के अनुसार सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा का लगातार छिड़काव किया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्रीय पार्षद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

---

# हाजीपुरा, आगाशाह मस्जिद समेत दर्जनों मोहल्ले किए सैनिटाइज

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। जिले में चार लोगों के कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद नगर निगम द्वारा शनिवार को हाजीपुरा स्थित आगाशाह की मस्जिद के साथ मोहल्ला हाजीपुरा को भी सैनिटाइज किया गया।

नगर निगम की टीम शनिवार को हाजीपुरा स्थित आगाशाह की मजिस्द पर पहुंची। इस दौरान निगम की टीम ने मस्जिद और मोहल्ला हाजीपुरा को भी सैनिटाइज किया। मोहल्ला शीशग्रान स्थित बड़ी मस्जिद, होली वाली भट्टी झमइया टोला स्थित मोती मस्जिद और दुर्गेशनगर स्थित सलमान फारुखी मस्जिद के चारों ओर एक-एक किमी तक गली मोहल्लों को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया।

नगला बरी से कोटला चुंगी तक, कोटला चुंगी से रामलीला रोड, हनुमान रोड, शिवाजी मार्ग, चंद्रवार गेट से रामनगर, चौड़ी वाली गली, छारबाग तिराहा, सोफीपुर रोड, स्वर्गाश्रम, पातीराम धर्मशाला से रेलवे लाइन से संतनगर तक, कन्हैयानगर से पैमेश्वरगेट तक, जलेसर रोड चौराहा से ककरऊ कोठी तक, जैननगर से होते हुए गणेशनगर, सर्विस रोड, मथुरा नगर, पेट्रोल पंप नगला भाऊ गोविंदनगर, मथुरा नगर से रहना की पुलिया, विभवनगर, बोधाश्रम रोड, सत्यनगर की पुलिया से बंबा रोड को भी सैनिटाइज किया गया।



हाजीपुरा स्थित आगाशाह मस्जिद को सैनिटाइज करती नगर निगम की टीम।

### नगर निगम ने तैयार कराया टैंकर

जलकल विभाग के सहायक अभियंता धर्मेंद्र सत्संगी ने बताया कि गली मोहल्लों को पूरी तरह से सैनिटाइज करने के लिए मशीनों को मंगा लिया गया है, जिससे कोरोना वायरस को फैलने से बचाया जा सके। वहीं एक टैंकर को भी सैनिटाइजर के लिए तैयार कराया जा रहा है। सैनिटाइजेशन के लिए नगर निगम द्वारा दो टैंकर और एक जेटिंग मशीन से नगर को सैनिटाइज करने का कार्य यथावत चालू रहेगा।

---

# हॉटस्पॉट और सफाई वाहन कराए सैनिटाइज

### चालक, क्लीनर सहित 150 कर्मचारियों की हुई थर्मल स्क्रीनिंग

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: कोरोना की चेन तोड़ने को नगर निगम द्वारा की जा रही कवायद में गुरुवार को कर्मचारियों का परीक्षण कराया गया। साथ ही सभी वाहन भी सैनिटाइज किए गए।

जिला प्रशासन द्वारा सील किए गए हॉट स्पॉट एरिया में रसूलपुर, दुर्गेश नगर, सलमान फारसी मस्जिद, शीशग्रान, हुसैन मुहल्ला, चौकी गेट, मशरूरगंज, कोठी नयी गंज, तीस फुटा, आगा शाह मस्जिद हाजीपुरा, करीम नगर, नेहरू नगर एरिया को टैंकर, सीवर जेटिंग मशीन व पेट्रोल चालित मशीनों से सैनिटाइज कराया गया। हॉट स्पॉट एरिया में काम करने वाले 40 सफाई कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई। नगर आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि जलकल विभाग में छोटे-बड़े सभी 180 वाहनों को सैनिटाइज कराया गया। इसके साथ 150 वाहन चालक, क्लीनरों व सफाईकर्मियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराई गई।

सफाई कर्मियों को दी गई क्लोरोक्वीन टैबलेट: परीक्षण के साथ-साथ कर्मचारियों को दवाई भी खिलाई जा रही है।

जेडएसओ दलवीर सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य विभाग से 400 एमजी की हाइड्रोक्सी क्लोरोक्विन दवा सुबह-शाम दी गई है। एक सप्ताह बाद दोबारा यह दवा दी जाएगी।



नगर निगम के कूड़ा वाहनों को सैनेटाइज कराते नगर आयुक्त विजय कुमार • जागरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## सैनेटाइजेशन कार्य (सोशल मीडिया की नजर से)

Nagar Nigam Firozabad, Rahul Sharma और 19 अन्य लोगों के साथ है.
24 मार्च ·

आज दिनांक 24.03.2020को समय नोबेल कोरोना वायरस-19 के बचाब एवं रोकथाम के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय, में 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोरोईट के सौल्यूशन से मौपिंग करायी गयी, जिसमें कार्यालय के गेटो पर, उसके लोहे के दरवाजों पर उसमें हाथ से पकडने वाले पाइपों, मेज, कुर्सी, लोहे, के दरवाजों व फर्स पर मौपिंग एवं स्प्रे्र की गयी तथा नोबेल कोरोना वायरस-19 से बचाव के सम्बन्ध में कार्यालय कार्मिको को जागरुक किया गया।
उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी कार्यालय व जिला मुख्या...
आगे पढ़ें




Nagar Nigam Firozabad is with Dinesh Pal Singh and 31 others in Firozabad.
27 April at 17:14 ·

#Nagar_Nigam_Firozabad
मा0 महापौर महोदया सुश्री नूतन राठौर जी के निर्देश एवं नगर आयुक्त महोदय श्री विजय कुमार जी के आदेशों के अनुपालन में आज दिनांक 27.04.2020 को नोबेल कोरोना वायरस-19 (कोविड - 19) से बचाब एवं रोकथाम हेतु 05 सेक्टर में बांटकर 05 टीमों का गठन करते हुये युद्ध स्तर पर सैनेटाईजर हेतु टीमें निकाली गयी जिसमें सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के निर्देशन में नगर निगम सीमान्तर्गत जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, विकास भवन सभागार, नजारत कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायालय, स्ट... See more




Nagar Nigam Firozabad is with Dinesh Pal Singh and 28 others in Firozabad.
23 hrs ·

#Nagar_Nigam_Firozabad
मा0 महापौर महोदया सुश्री नूतन राठौर जी के निर्देश एवं नगर आयुक्त महोदय श्री विजय कुमार जी के आदेशों के अनुपालन में आज दिनांक 30.04.2020 को नोबेल कोरोना वायरस-19 (कोविड - 19) से बचाब एवं रोकथाम हेतु 05 सेक्टर में बांटकर 05 टीमों का गठन करते हुये युद्ध स्तर पर सैनेटाईजर हेतु टीमें निकाली गयी जिसमें सभी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के निर्देशन में नगर निगम सीमान्तर्गत जैन मन्दिर से गांधी पार्क चौराहे तक, गांधी पार्क से घंटाघर तक, घंटाघर से नालबन्द चौराहे तक नाल... See more



# नगर निगम फिरोजाबाद

## सैनेटाइजेशन कार्य (सोशल मीडिया की नजर से)

**Municipal Corporation Firozabad** @MunicipalCorpo9 · Apr 29

1% sodium hypochlorite solution has been sprayed today i.e, 29-04-2020 to multiple places in the city to prevent from COVID-19. #IndiaFightsCorona #FirozabadFightsCorona @CMOfficeUP @UPGovt @InfoDeptUP @myogiadityanath @GopalJi_Tandon @MotisinghU @NutanRathore6 @firozabaddm



**Municipal Corporation Firozabad** @MunicipalCorpo9 · Apr 28

Necessary actions have been taken to prevent from covid-19, on 28/04/20 sanitization took place in many areas of the city. Here's some glimpse: @UPGovt @myogiadityanath @GopalJi_Tandon @MotisinghU @InfoDeptUP @NutanRathore6 @firozabaddm #IndiaFightsCorona #FirozabadFightsCorona




**Municipal Corporation Firozabad** @MunicipalCorpo9 · Apr 27

Necessary actions have been taken to prevent from covid-19, on 27/04/20 sanitizing team divided into 5 parts to cover most areas. Here's some glimpse; @UPGovt @CMOfficeUP @myogiadityanath @MotisinghU @GopalJi_Tandon @NutanRathore6 @firozabaddm #IndiaFightCorona



# Covid-19

# कम्युनिटी किचन

## नगर निगम कम्युनिटी किचन

- कोविड–19 में लॉकडाउन के बाद नगर निगम सीमान्तर्गत गरीब, बेसहारा, मजदूर, झुग्गी झोपडी में निवास करने वाले व्यक्तियों के रोजगार बन्द हो जाने के कारण उनके समक्ष जीवन यापन हेतु भोजन की समस्या उत्पन्न हो गई जिसके निवारण हेतु नगर निगम द्वारा कम्युनिटी किचन की स्थापना कर इसका शुभारम्भ माननीय महापौर महोदया द्वारा दिनांक 03.04.2020 को सुमंगलम गेस्ट हॉउस बम्वा बाई पास चौराहा कोटला रोड़ फिरोजाबाद में किया गया है, जिसके माध्यम से उन लोगो ंको भोजन की व्यवस्था की जा रही है, जिनका लॉकडाउन के दौरान रोजगार बन्द हो गया है।
- वर्तमान में 1800 व्यक्तियों के भोजन की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है।
- भोजन को पैकट में पैक करते हुये नगर निगम के कर्मचारियों के माध्यम से जरूरतमंद व्यक्तियों तक घर–घर पहुॅचाने का कार्य किया जा रहा है।
- नगर निगम द्वारा संचालित कम्युनिटी किचन से अब तक लगभग ऐसे समस्त व्यक्तियों तक भोजन पहुचाया जा रहा है, जो नगर के विभिन्न मार्गो के किनारे झुग्गी–झोपडियों में निवास करते है, अथवा असहाय है।
- नगर निगम में स्थापित **कन्ट्रोल रूम (मो नं0–8958575575)** से प्राप्त होने वाली भोजन की मॉग को भी पूरा किया जा रहा है।
- वर्तमान समय में कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर प्रतिदिन 150 से 200 कॉल प्राप्त होती है, जिसमें 1000 से 1200 लोगों के खाने हेतु अनुरोध किया जाता है, इसके अतिरिक्त मा0 जन प्रतिनिधिओं के माध्यम से भी भोजन की मॉंग प्राप्त होती है, जिसकी पूर्ति प्राप्त मॉंगो को वार्ड वाइज अलग–अलग करते हुये नगर के चारों दिशाओं में चार अलग–अलग वाहनों के माध्यम से भोजन के पैकटों का वितरण किया जा रहा है।
- उक्त कम्युनिटी किचन के संचालन में होने वाला व्यय नगर निगम में कार्यरत अधिकारियो एवं कुछ सम्मानित नागरिको द्वारा किया जा रहा है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

## मा0 महापौर महोदया द्वारा नगर निगम कम्युनिटी किचन का शुभारंभ












# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं नगर आयुक्त महोदय कम्युनिटी किचन का निरीक्षण करते हुये









# नगर निगम फिरोजाबाद

- दिनांक 24.03.2020 से दिनांक 06.05.2020 तक लगभग 67908 भोजन पैकेटों का वितरण कम्युनिटी किचिन के माध्यम से किया जा चुका है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त 23825 भोजन के पैकेटों का वितरण विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी किया चुका है।







# नगर निगम फिरोजाबाद

## नगर निगम कम्युनिटी किचन (मीडिया की नजर से)

### कम्युनिटी किचन से गरीबों को भेजा जा रहा है भोजन

***फिरोजाबाद। लॉकडाउन के समय आपके जेहन में मन में भी कई सवाल उठ रहे होंगे। अमर उजाला ने अपने पाठकों के इन सवालों के हल करने के लिए इस कॉलम की शुरुआत की है। पाठकों के सवाल संबंधित अफसरों ने दिए जवाब।***

इनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है और न राशन कार्ड बना है न बैंक एकाउंट है। इनकी मदद कैसे होगी? **सलीम वारसी चिश्ती नगर फिरोजाबाद**

**जवाब:** नगर आयुक्त विजय कुमार ने कहा कि कुछ लोगों ने भ्रामक प्रचार किया था कि नगर निगम की ओर से कोई फार्म भरवाए जा रहे हैं। एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। यह गलत है। इसमें पूर्व की भांति पंजीकृत श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों को लाभ मिलेगा। रविदास नगर में पानी की समस्या को टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। मजदूर तबके के लोगों की मदद के लिए कहा कि शहर में कई गरीब परिवारों के लिए कम्यूनिटी किचन का संचालन किया जा रहा है। वहां से भोजन आपूर्ति किया जा रहा है।

**सवाल :** आवश्यक सामग्री खाद्यान्न, आटा, चावल, दाल और बिस्किट आदि सामग्री को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए पास किस विभाग की ओर से जारी किए जा रहे है। इसकी अनुमति पत्र प्राप्त करने को क्या प्रक्रिया अपनानी होगी?

**बीएस गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल फिरोजाबाद।**

**जवाब :** जिला खाद्य अभिहित अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि सुबह सात बजे से11 बजे तक किसी पास बनवाने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र में जरूरत के हिसाब सामान के सप्लाई के पास जारी किए जा रहे हैं।

**सवाल :** मेरी बेटी चेन्नई में बैंक में नौकरी करती है। उसका अपार्टमेंट खाली हो गया है और वह अकेली रह रही है। ऐसे में वह काफी परेशान है। यदि लॉकडाउन बढ़ा तो फिर दिक्कत होगी। क्या मेरी बेटी वहां से घर आ सकेगी?

**वीटा सपरा फिरोजाबाद**

**जवाब:** एसपी देहात राजेश कुमार ने कहा कोई यदि जॉब कर रहा है तो उसे दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि कोई परेशानी है तो स्थानीय प्रशासन सहयोग करेगा। इसके बाद भी दिक्कत होने पर एडीएम कार्यालय से पास जारी होगा। इसके बाद ही यहां आना संभव हो सकेगा। हालांकि आने-जाने में काफी दिक्कत होगी।

**सवाल :** मेरी शादी 25 अप्रैल को है। मुझे अपनी बरात में सिर्फ तीन से चार लोगों को लेकर जाना है। मुझे बरात में तो जाने की अनुमति कैसे मिलेग?

**– गौरव यादव, अरांव रोड सिरसागंज फिरोजाबाद**

**जवाब:** एसपी देहात ने कहा कि बारात ले जाने के लिए एडीएम कार्यालय में प्रार्थनापत्र देना होगा। अनुमति के बाद सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। संबंधित थाने को सूचना देनी होगी।

**कोरोना : कोई दुविधा है तो अमर उजाला को बताएं**

व्हाट्सएप नंबर 9837202740 पर नाम और पते के साथ अपना सवाल भेज सकते हैं। आप सवालों को firojabadbureau@agr.amarujala.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

---

**हिन्दुस्तान** 04

आगरा • शनिवार • 04 अप्रैल 2020 •

संक्षेप



कम्युनिटी किचन में भोजन की व्यवस्था को देखते हुए महापौर नूतन राठौर एवं नगर आयुक्त विजय कुमार। • हिन्दुस्तान

### गरीब को भूखा नहीं सोने देगा नगर निगम

**फिरोजाबाद।** शहर में गरीब, असहाय एवं निराश्रित लोगों को भोजन मुहैया कराने की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। शुक्रवार को महापौर नूतन राठौर ने नगर आयुक्त विजय कुमार के साथ नगर निगम की ओर से स्थापित कम्युनिटी कम्युनिटी किचन का शुभारम्भ किया। अपर नगर आयुक्त शिव सिंह ने बताया है कि स्थापित किचन में प्रतिदिन एक हजार भोजन के पैकेट तैयार किए जाएगें। सभी पैकेटों को वाहनों द्वारा उन लोगों के घरों तक पहुंचाया जाएगा जो लॉक डाउन के चलते शहर छोड़ने की तैयारी में हैं।

---

निवासी नाइ यहा इनका रिपाट का इतजार हाता रहा।

वारंटाइन



ंद्र पाल सिंह • जागरण

टाइन कराया। डीएम एसपी सचिन्द्र पटेल, विजय कुमार सहित ों ने व्यवस्थाओं का

-छात्रा: छात्र-छात्राओं सिंघी, शिकोहाबाद, ला समेत सिरसागंज ल हैं।

### डीएम, पार्षदों ने चेक की गरीबों के भोजन की गुणवत्ता

जासं. फीरोजाबादः नगर निगम द्वारा ब बाइपास स्थित सुमंगलम मैरिज होम कम्युनिटी किचन का संचालन किया रहा है, जिसमें गरीबों के लिए प्रति 1500 पैकेट तैयार कराए जा रहे डीएम चंद्र विजय सिंह सुबह दस ब कम्युनिटी किचन का निरीक्षण क पहुंचे। वहां सफाई व्यवस्था के स भोजन की गुणवत्ता चेक की। न आयुक्त विजय कुमार ने बताया स्टाफ की मदद से भोजन को गरी को वितरित कराया जा रहा है। दोप 12 बजे पार्षद पूनम शर्मा, विमला सि विनीता अग्रवाल, शशिकांत शर्मा, पु पाल सिंह, पार्षद प्रतिनिधि कृष्ण मु अग्रवाल भी किचन का निरीक्षण क पहुंचे। सहायक अभियंता अतुल पांडे अमेंद्र गौतम, अवर अभियंता प्र कुमार, अमित कुमार भी मौजूद रहे।

---

### निगम की किचन से मिलेगा भोजन

**फिरोजाबाद।** लॉक डाउन के दौरान गरीब रिक्शा चालक, पल्लेदारों के अलावा अन्य पंजीकृत मजदूरों को घरों पर ही खाना पहुंचाने के लिए नगर निगम शुक्रवार को अपनी रसोई प्रारम्भ कर सकता है। नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर इसकी तैयारियां प्रारम्भ कर दी हैं।

# नगर निगम फिरोजाबाद

## नगर निगम कम्युनिटी किचन (सोशल मीडिया की नजर से)









# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

# सब्जियों एवं आवश्यक वस्तुओं की डोर स्टेप डिलीवरी

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सब्जियों एवं आवश्यक वस्तुओं हेतु डोर स्टेप डिलीवरी

- सोशल डिस्टेन्सिंग बनाये रखने एवं लोगो को आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करने के लिये घर से बाहर न जाना पड़े इस हेतु डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था की गई है।
- शहर में 200 किराना स्टोर को डोर स्टेप डिलीवरी के कार्य में लगाया गया है।
- 20 मेडीकल स्टोर के द्वारा हॉकर्स की सहायता से दवा वितरण का कार्य किया जा रहा है।
- नगर निगम के 10 ट्रैक्टर भी इस सेवा में लगे है।
- फलों एवं सब्जियों की डोर स्टेप डिलीवरी हेतु 894 ठेले वालो को लगया गया है।
- विशाल मेगा मार्ट भी फोन कॉल के माध्यम से डोर स्टेप डिलीवरी करा रहा है।





खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, फिरोजाबाद
कोविड–19



नवीन सब्जी मण्डी फिरोजाबाद से वार्ड में सब्जी विक्रेताओं (हाथ ठेला) का विवरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सब्जियों एवं आवश्यक वस्तुओं की डोर स्टेप डिलीवरी











# नगर निगम फिरोजाबाद

## डोर स्टेप डिलीवरी एवं मण्डी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण मण्डलायुक्त महोदय, आगरा मण्डल आगरा द्वारा किया गया।





## डोर स्टेप डिलीवरी हेतु सिटी मजिस्ट्रेट एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा व्यापारियों के साथ संवाद





# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## सब्जियों एवं आवश्यक वस्तुओं हेतु डोर स्टेप डिलीवरी (मीडिया की नजर से)

### फल व सब्जी विक्रेताओं के खातों में पहुंचेगी मदद



नगर निगम के वाहन से सब्जी खरीदता युवक • जागरण

जागरण संवाददाता, फीरोजाबादः लॉकडाउन के चलते दिहाड़ी मजदूरों के साथ चौराहों, गली, मुहल्लों में घूमकर फल व सब्जी बेचने वालों की मुश्किल बढ़ गई है। प्रशासन की सख्ती से वह घर बैठने को मजबूर हैं। ऐसे लोगों को सरकार आपदा राहत के रूप में मदद देगी।

हर रोज कमाने-खाने वाले हजारों गरीब परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्हें राहत देने के लिए सरकार एक-एक हजार रुपए की धनराशि भेज रही है। नगर निगम द्वारा पथ विक्रेताओं का डाटाबेस तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपा जा चुका है। अब ऐसे ठेला संचालकों के फार्म भी भरवाए जा रहे हैं, जो गली, मुहल्लों में घूमकर फल व सब्जी बेचते हैं।

नगर आयुक्त विजय कुमार ने सोमवार को कोटला रोड स्थित मंडी समिति में ऐसे ठेल वालों के फार्म भरवाने के लिए टीम लगाई। इसमें प्रवर्तन दल के सदस्य भी शामिल रहे।

इसमें सभी ठेल वालों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक फोटो स्टेट सहित अन्य रिकार्ड भी जमा कराए। नगर आयुक्त ने बताया कि फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी होने पर सरकार द्वारा इनके खातों में एक-एक हजार रुपए धनराशि भेजी जाएगी।

### लोगों के लिए दूध व सब्जी लेकर वार्डों में पहुंचीं नगर निगम की टीमें

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

लॉक डाउन के चलते शहर के अधिकांश वार्डों में रविवार को नगर निगम की टीमों ने सब्जी के अलावा दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं को लोगों के बीच वितरण कराया। वितरण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे।

कोरोना को लेकर लोगों को लॉक डाउन रहने के लिए शासन के निर्देश पर नगर निगम की टीमों ने वार्डों में जाकर सब्जी के अलावा दूध का वितरण किया। नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर इसके लिए लगभग 21 ई-रिक्शों को किराए पर लिया गया है जो वार्डों में जाकर यह कार्य रोजाना करेंगी। नगर निगम के ई-रिक्शा पहुंचते ही सामान की खरीददारी को भीड़ लग गई। सब्जी के अलावा दूध का वितरण नोडल अधिकारी द्वारा निर्धारित रेट के आधार पर ही दिया जा रहा है। सब्जी एवं दूध बेचने का कार्य दुकानदार कर रहे हैं जबकि इस दौरान नगर निगम की टीम एवं क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे।

**प्रयास**

- पार्षदों की निगरानी में हुआ आवश्यक वस्तुओं का वितरण
- मुनादी करके दी गई चिन्हित किए स्थलों की जानकारी

**कई वार्डों में नहीं हुई व्यवस्थाः** रविवार को नगर निगम द्वारा मुहैया कराई जा रही सब्जी एवं दूध की व्यवस्था कई वार्डों में नहीं हुई। वार्ड संख्या 9 बौधाश्रम, वार्ड संख्या 10 नगला करन सिंह, वार्ड संख्या 11 न्यूरामगढ़ एवं वार्ड संख्या 26 तिलक नगर में नगर निगम की टीमें नहीं पहुंचीं।

### घर-घर सब्जी बेचने के लिए किराये पर लिए वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**प्रत्येक सब्जी विक्रेता के साथ तैनात रहेगा नगर निगम का एक कर्मचारी**

फिरोजाबाद। लॉकडाउन के दौरान सुबह सात से 11 बजे तक मिलने वाली छूट के दौरान शहर में जगह-जगह लगने वाली सब्जी मंडियों में भीड़ इकट्ठी हो रही है। इससे निपटने के लिए नगर निगम ने डोर-टू-डोर सब्जियां बिकवाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए दस वाहनों को नगर निगम ने किराये पर लिया है।

नगर निगम के वाहनों में रखी सब्जी लेने पर लोगों ने आपत्ति दर्ज की थी। इसके तहत नगर निगम को वाहन किराये पर लेने पड़े। इन वाहनों में सब्जी विक्रेता गल्ला मंडी से सब्जी लेकर शहर के प्रत्येक वार्ड में सब्जी बेचने के लिए जाएंगे। प्रत्येक सब्जी विक्रेता के साथ वाहन में एक नगर निगम का कर्मचारी भी तैनात रहेगा।

कोटला रोड स्थित सब्जी मंडी, बजरिया, रसूलपुर, नगला करन सिंह, सुहागनगर, रामनगर सहित अन्य स्थानों पर लगने वाली सब्जी मंडियों में सुबह 11 बजे तक खूब भीड़ एकत्रित होती है। सब्जी विक्रेता भी निर्धारित से अधिक रेट पर लोगों को सब्जी दे रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं को सब्जी उपलब्ध कराने के लिए कुछ आढ़तियों को सब्जी मंडी में चिह्नित किया है। सब्जी विक्रेता उन्हीं आढ़तियों से सब्जी खरीद सकेंगे, जिनको प्रशासन ने चिह्नित किया है। वह भी सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित में ही सब्जी उपलब्ध कराएंगे। नगर आयुक्त विजय कुमार ने बताया कि शुक्रवार को दस वाहनों को किराये पर लेकर कुछ वार्डों में सब्जी बिकवाने का काम शुरू करा गया है। जल्द ही अन्य वार्डों में डोर टू डोर सब्जी बिकवाने का काम शुरू करा दिया जाएगा।

7:48 AM

संक्षेप
per.livehindustan.com

### होम डिलीवरी के लिए की मीटिंग

**फिरोजाबाद।** कोरोना के फैलाव को रोकने को शहर का बाजार बंद कराने के बाद बाद सिटी मजिस्ट्रेट कुंवर पंकज एवं नगर आयुक्त विजय कुमार ने दुकानदारों संग मीटिंग कर दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने दुकानदारों से होम डिलीवरी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि जिला अभिहित अधिकारी सुधीर सिंह को निर्देशित किया है कि वह दुकानदारों के होम डिलीवरी वाहन और कर्मियों की सूची वाहन संख्या और फोन नंबर सहित जारी करें।

# Covid-19

# लॉकडाउन के कारण बेरोजगार हुये श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

## प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)

**लॉकडाउन के कारण बेरोजगार हुये निम्न श्रेणी के श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण का लाभ दिया जा रहा है।**

1– पटरी दुकानदार/वेन्डर।
2– रिक्शा/इक्का/तांगा चालक।
3– टैंम्पो/आटो/ई–रिक्शा चालक।
4– दैनिक दिहाड़ी मजदूर में पल्लेदारी करने वाले/ठेला चलाने वाले।
5– नगरीय क्षेत्र में अन्य दैनिक व्यवसाय कार्य/रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुली।

**नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 21 मार्च, 2020 पत्र संख्या–698/नौ–9–2020–58ज/20 के क्रम में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा**

नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत दैनिक रोजगार से जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों वर्णित श्रेणियों में पटरी दुकानदार/वेन्डर/रिक्शा/इक्का/तांगा चालक/टैंम्पो/आटो/ई–रिक्शा चालक /दैनिक दिहाड़ी मजदूर में पल्लेदारी करने वाले/ठेला चलाने वाले/नगरीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुली/इत्यादि कें चिन्हीकरण की कार्यवाही सभी 70 वार्डो में की गयी।

- परियोजना अधिकारी (डूडा)/मण्डी सचिव/ RTO/CLC से प्राप्त सूचियों का मिलान किया गया एवं सत्यापन राजस्व अनुभाग के राजस्व निरीक्षक प्रथम/द्वितीय से कराकर फीडिंग की कार्यवाही की गयी है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

- दैनिक रोजगार से जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों वर्णित श्रेणियों में पटरी दुकानदार / वेन्डर/रिक्शा/इक्का /तांगा चालक/टैंम्पो /आटो/ई–रिक्शा चालक/दैनिक दिहाड़ी मजदूर में पल्लेदारी करने वाले/ठेला चलाने वाले/नगरीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुलियों के फॉर्म भरवाकर, सत्यापन कर प्रत्यक्ष लाभ अंतरित करने की कार्यवाही की गई।
- निम्न तालिकानुसार लाभार्थी का सत्यापन कर प्रत्यक्ष लाभ अंतरित किया गया।

| क्र. सं. | कैटेगरी | कुल लाभार्थियों की संख्या | प्रति लाभार्थी धनराशि | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्ट्रीट वेण्डर | 2960 | 1000 | 2960000.00 |
| 2 | रिक्शा चालक/ ई–रिक्शा चालक/ ऑटो रिक्शा चालक/ तांगा चालक | 1147 | 1000 | 1147000.00 |
| 3 | पल्लेदार/बेलदार | 1231 | 1000 | 1231000.00 |
| 4 | कुली | 10 | 1000 | 10000.00 |
| 5 | अन्य यदि कोई हो | 1930 | 1000 | 1930000.00 |
| | **कुल–** | **7278** | 1000 | **7278000.00** |

- उपरोक्त सूची के अतिरिक्त लाभार्थियों के चिन्हांकन की कार्यवाही गतिमान है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

- नगर निगम फिरोजाबाद के राजस्व निरीक्षकों द्वारा पल्लेदार/ पटरी दुकानदार /रेड़ी चालक/ रिक्शा चालक/सब्जी/फल विक्रेताओं इत्यादि का सत्यापन किया गया।









# नगर निगम फिरोजाबाद

## नगर निगम फिरोजाबाद को जारी शासनादेश के क्रम में कार्यवाही

समयबद्ध
सर्वोच्च प्राथमिकता/ई–मेल
संख्या–698/नौ–9–2020–58ज/20

प्रेषक,

दीपक कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
2. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम उ0प्र0।
3. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ : दिनांक 21 मार्च, 2020

विषय–प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में दैनिक रूप मे कार्य कर जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों के विषय में सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत ही है कि COVID-19 के सम्भावित संक्रमण को रोके जाने एवं इसके प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष प्रभाव से बचाव हेतु सुरक्षित उपायो को सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस संदर्भ में नगरीय स्थानीय निकाय के क्षेत्रान्तर्गत दैनिक कार्य कर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के विषय में सूचनाओं का संकलन किया जाना आवश्यक है, जिससे ऐसे व्यक्तियों को भविष्य में सुविधाजनक ढंग से रोजगार एवं सहायता उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जा सके। इस हेतु शासन के पूर्व पत्र सं0–1509/पी0एस0एच0 (एन0वी0)/2020, दिनांक–18.03.2020 के माध्यम से प्रारूप का निर्धारण कर ऐसे व्यक्तियों की संख्या का आंकलन कराया गया है। ऐसे पंजीकृत/अपंजीकृत व्यक्तियों के विषय में संलग्न प्रारूप पर सूचनाओं की आवश्यकता है।

2. पंजीकृत अथवा अपंजीकृत व्यक्ति निम्नलिखित श्रेणी/वर्गों के हो सकते है:–
   (1) पटरी दुकानदार/वेन्डर्स।
   (2) रिक्शा/इक्का, तांगा चालक।
   (3) टैम्पो/आटो/ई–रिक्शा चालक।
   (4) दैनिक दिहाड़ी मजदूर/मण्डियों में पल्लेदारी करने वाले/ठेलिया चलाने वाले।
   (5) अन्य दैनिक कार्य करने वाले व्यक्ति।

3. उक्त पंजीकृत अथवा अपंजीकृत व्यक्तियों में वह व्यक्ति आच्छादित किये जायेंगे जो श्रम विभाग में पंजीकृत नहीं है तथा मनरेगा कार्ड धारक नहीं है।

4. उक्त प्रस्तर–02 में उल्लिखित श्रेणी/वर्गों के संबंध में संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध उक्तानुसार वांछित संकलित सूचनायें ऑनलाइन फीड कराने के लिये प्रत्येक नगर निगम में नामित नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी इन सूचनाओं को ऑनलाइन फीड कराने हेतु अपर जिलाधिकारी स्तर के एक अधिकारी को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तथा तहसील स्तर पर एक अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करेंगे। नगर निगम तथा तहसील स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि सूचनाओं के संकलन एवं ऑनलाइन फीडिंग में COVID-19 के परिप्रेक्ष्य में समय–समय पर निर्गत समस्त निर्दिष्ट सावधानियों तथा **SOPs** का

60-s

-2-

अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। नोडल अधिकारीगण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सूचनाओं के संकलन एवं ऑनलाइन फीडिंग में कोई लक्षित व्यक्ति छूटने न पाये। इस प्रकार अपलोड की गयी सूचनाओं के लिए नगर निगम स्तर से नगर आयुक्त एवं जिला स्तर पर जिलाधिकारी उत्तरदायी होंगे।

5. उपर्युक्त प्रस्तर–2 में अंकित श्रेणी के लिए नगरीय स्थानीय निकायों में पंजीकृत/सत्यापित पटरी दुकानदारों/वेन्डर्स की उपलब्ध सूची, रिक्शा चालक/इक्का, तांगा चालक की नगरीय स्थानीय निकायो में उपलब्ध पंजीकृत सूची का प्रयोग किया जा सकता है। टैम्पो/आटो/ई–रिक्शा चालकों की क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में उपलब्ध पंजीकृत सूची का प्रयोग किया जा सकता है। दैनिक दिहाड़ी मजदूरों के लिए लेबर अड्डों पर एकत्र होने वाले व्यक्तियों से सम्पर्क कर सूचनाओं का संकलन किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त दैनिक रूप से जीवन यापन करने वाले अन्य व्यक्तियों के पंजीकृत संगठनों से भी सम्पर्क कर वांछित सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है किन्तु यह सुनिश्चित किया जाये कि सूचनाएं सत्यापित हों एवं उनमें त्रुटि की सम्भावना न हों।

6. उपर्युक्त वांछित सूचनाएं अपलोड करने के लिए निदेशक, स्थानीय निकाय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल अतिशीघ्र विकसित कर ऑनलाइन पोर्टल का यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड अतिशीघ्र समस्त जनपदों के जिलाधिकारीगण को उपलब्ध कराया जायेगा जो नोडल अधिकारीगण को पासवर्ड उपलब्ध करायेंगे।

उपरोक्त कार्यवाही प्रत्येक दशा में आगामी 15 दिनों में पूर्ण की जानी है, अतः सूचनाओं का संकलन प्रत्येक दिन के आधार पर करते हुये उपरोक्तानुसार पूर्ण एवं संकलित सूचनायें शासन को 15 दिन में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव:–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर वांछित संकलित एवं पूर्ण सूचनाएं प्रत्येक दशा में शासन को आगामी 15 दिनों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव, मा0 वित्त मंत्री जी/निजी सचिव, मा0 कृषि मंत्री जी/निजी सचिव, मा0 श्रम मंत्री जी।
4. कम्प्यूटर सेल/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(दीपक कुमार)
प्रमुख सचिव।

### कार्यालय, नगर आयुक्त, नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक 6933 /सा0प्र0/न0आ0-एस0टी0/2019-20 दिनांक 23, मार्च 2020

#### कार्यालय-ज्ञाप

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 698/नौ-9-2020-58ज/20 दिनांक 21 मार्च 2020 के द्वारा प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में दैनिक रूप से कार्य कर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के विषय में सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। पंजीकृत अथवा अपंजीकृत व्यक्ति निम्नलिखित श्रेणी/वर्गों के हो सकते हैं -

1. पटरी दुकानदारा/वेन्डर्स।
2. रिक्शा/इक्का, तांगा चालक।
3. टैम्पो/ऑटो/ई-रिक्शा चालक।
4. दैनिक दिहाड़ी मजदूर/मण्डियों में पल्लेदारी करने वाले/ठेलिया चला वाले।
5. अन्य दैनिक कार्य करने वाले व्यक्ति।

अतः उक्त शासनादेश के क्रम में वांछित सूचनाऐं सम्बन्धित विभागों से प्राप्त किये जाने, संकलित सूचनाऐं ऑनलाइन फीड कराये जाने एवं शासनादेश में वर्णित बिन्दुओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु श्री शिव सिंह, प्रभारी अपर नगर आयुक्त (9027157275) को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। श्री सिंह अपने कार्य के साथ-साथ उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

( विजय कुमार )
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

संख्या व तद्दिनांक

प्रतिलिपि :- सचिव, उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-09, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी, फिरोजाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. श्री शिव सिंह, प्रभारी अपर नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय, नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक 6953 /सा0प्र0/2019-20 दिनांक 26 मार्च, 2020

### आदेश

उ0प्र0 शासन नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश सं0 698/नौ-9-2020-58ज/20 दिनांक 21 मार्च 2020 के अनुसार उत्तर प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में दैनिक रूप में कार्य कर जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों के विषय में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में दिये गये निर्देश के कम में प्रथम चरण में नगर निगम फिरोजाबाद में पंजीकृत पटरी दुकानदार 1466, रिक्शा/इक्का, तांगा चालक 139, टैम्पो/ऑटो/ई-रिक्शा चालक 518 का सत्यापन किया जाना है।

अतः उक्त के कम में सूचना संकलित करने हेतु निम्नवत डयूटी लगाई जाती है :-

| क0सं0 | कर्मचारी का नाम | मोबाइल नं0 | आवंटित वार्ड की संख्या व नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री नरेन्द्र पाल सिंह यादव, कर अधीक्षक | 7088118005 | 21 लालपुर, 23 पुरानी मण्डी, 52 दीदामई |
| 2 | श्री अनिल कुमार यादव, कर अधीक्षक | 9758604993 | 17 सत्य नगर, 48 लेबर कॉलोनी |
| 3 | श्री पैज सिंह यादव, कर अधीक्षक, | 9410044199 | 02 विजय नगर, 15 दखल, 20 इन्द्रपुरी |
| 4 | श्रीमती सीमा सागर, कर अधीक्षक | 9412455321 | 04 भीम नगर, 05 जगजीवन राम नगर |
| 5 | श्री संदीप पटेल, कर निरीक्षक | | 30 नीबू वाला बाग, 50 नया रसूलपुर |
| 6 | श्री राजेश कुमार पटेल, कर निरीक्षक | 9012408884 | 07 करबला, 06 आजाद नगर, 40 नन्दराम चौक, 43 नई बस्ती |
| 7 | श्री जीतेश कुमार, कर निरीक्षक | 8279987150 | 67 हाजीपुरा, 66 तीस फुटा, 64 मौहल्ला हुसैनी |
| 8 | श्री शिवेन्द्र कुमार मिश्रा, कर निरीक्षक | 9718177938 | 33 जैन नगर, 18 बासठ |
| 9 | श्रीमती कामिनी पलवार, कर निरीक्षक | 7060538052 | 44 सुहाग नगर |
| 10 | कु0 सोनिका, कर निरीक्षक | 9084250428 | 31 महावीर नगर, 25 ढोलपुरा |
| 11 | श्री मनोज यादव, लिपिक | 9997330647 | 35 नगला भाऊ, 54 चिश्ती नगर |
| 12 | श्री विमल सागर, लिपिक | 9759148384 | 34 ठारपूठा, 53 बगिया |
| 13 | श्रीमती भावना कुमारी, लिपिक | 9759193586 | 24 किशन नगर, 26 तिलक नगर, 29 टापाखुर्द |
| 14 | श्री प्रमोद सिंह यादव, लिपिक | 9412894178 | 45 नगला विश्नू, 55 ताड़ो वाली बगिया |
| 15 | श्री राशिद अली, कर संग्रहकर्ता | 9258430578 | 41 गाँधी नगर, 37 आर्य नगर, 49 हनुमान गंज |
| 16 | श्री वेद प्रकाश शर्मा, कर संग्रहकर्ता | 9410862040 | 16 हनुमान गढ, 28 हिमायूँपुर द्वितीय, 32 हिमायूपुर प्रथम |
| 17 | श्री सतीश चन्द्र शर्मा, कर संग्रहकर्ता | 9410001585 | 11 न्यू रामगढ़, 12 ककरऊ, 61 रामगढ़ |
| 18 | श्री शाकिर अली, कर संग्रहकर्ता | 9219823877 | 69 राही नगर, 68 गालिब नगर, 70 शीतल खॉं |

543

## कार्यालय, नगर निगम फिरोजाबाद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | श्री श्याम प्रकाश यादव, कर संग्रहकर्ता | 9456624738 | 22 आसफाबाद, 27 पैमेश्वर गेट, 14 डाकबंगला, 47 दुर्गेश नगर |
| 20 | श्री ओमवीर सिंह, कर संग्रहकर्ता | | 60 मक्का कालोनी, 56 उर्दू नगर |
| 21 | श्री छकौड़ी लाल, कर संग्रहकर्ता | 9837741088 | 46 मोहल्ला टीला, 42 रामनगर, 62 नगला गूलरिया, 19 सन्त नगर |
| 22 | श्री अमित कुमार, कर संग्रहकर्ता | 9997939733 | 51 कटरा सुनारान, 59 कश्मीरी गेट |
| 23 | श्री नारायण प्रताप, कर संग्रहकर्ता | 9756319599 | 13 सरस्वती नगर, 09 बौद्ध आश्रम, 38 रहना |
| 24 | श्री राज कुमार यादव, कर संग्रहकर्ता | 8057492910 | 57 नगला बरी, 58 हबीब गंज, 63 छपरिया |
| 25 | श्री कौशल किशोर | 9997038025 | 08 टापाकला, 10 नगला करन सिंह |
| 26 | श्री अकबर खॉं | 8273391862 | 01 सैलई, 65 मस्तरूर गंज, 03 नगला मिर्जा बड़ा |
| 27 | श्री रौहतान सिंह | 9690493347 | 36 नगला पचिया, 39 जोशियान |

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उपरोक्त आवंटित क्षेत्र के अनुसार दैनिक रूप में कार्य कर जीवन यापन करने वाले नगर निगम फिरोजाबाद में पंजीकृत पटरी दुकानदार 1466, रिक्शा/इक्का, तांगा चालक 139, टैम्पो/ऑटो/ई-रिक्शा चालक 518 की सूचना संलग्न प्रारूप पर दैनिक प्रगति उपलब्ध कराते हुए तीन दिन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोपरि।

(विजय कुमार)
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद

संख्या व तद दिनांक :-

प्रतिलिपि- प्रभारी अपर नगर आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2. कर निर्धारण अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि समस्त कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
3. सम्बन्धित को अनुपालनार्थ।

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद

## कार्यालय, नगर आयुक्त, नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक 6961 /सा0प्र0/न0आ0-एस0टी0/2019-20 दिनांक 27, मार्च 2020

### कार्यालय-ज्ञाप

अपर मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन, राजस्व अनुभाग-11 लखनऊ के शासनादेश संख्या 198/एक-11-2020-रा0-11 दिनांक 24.03.2020 जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित महामारी (कोविड-19) के परिप्रेक्ष्य में सहायता उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश जारी किये गये हैं एवं नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 698/दिनांक 21.03.2020 व खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के शासनादेश संख्या 616/दिनांक 24.03.2020 के द्वारा दैनिक रूप से जीवन यापन करने वाले पात्र लाभार्थियों व्यक्तियों को 1000/- रू0 प्रति व्यक्ति प्रतिमाह सहायता राशि बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से स्थानांतरित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में एवं प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-09 के शासनादेश संख्या 700/नौ-9-2020-58ज/20 दिनांक 26 मार्च 2020 द्वारा भी विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं।

अतः उक्त के अनुपालन हेतु नगरीय क्षेत्र फिरोजाबाद में दैनिक रूप से जीवन यापन करने वाले पात्र लाभार्थियों का चयन एवं सत्यापन, पात्र लाभार्थियों को सूची बद्ध किये जाने एवं पात्र लाभार्थियों को धनराशि उनके खातों में डी0बी0टी0 के माध्यम से स्थानांतरित कराये जाने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है-

1- प्रभारी अपर नगर आयुक्त, नगर निगम फिरोजाबाद। — अध्यक्ष
2- परियोजना अधिकारी डूडा फिरोजाबाद। — सदस्य
3- कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम फिरोजाबाद। — सदस्य
4- सहायक अभियंता (यातायात), नगर निगम फिरोजाबाद। — सदस्य

उक्त समिति दैनिक रूप से जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता के सम्बंध में निर्गत शासनादेशों में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार पात्र लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित करायेगी।

उक्त समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी व नगर मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद के अनुमोदन उपरांत पात्र लाभार्थियों की सूची जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद को धनराशि हस्तांतरित करने हेतु प्रेषित की जायेगी।

लेखाधिकारी, नगर निगम फिरोजाबाद उक्त पात्र लाभार्थियों की सूची के सापेक्ष उसी दिन बेनीफिसरी तैयार कराकर जिलाधिकारी कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए पात्र लाभार्थियों के लाभांश की धनराशि सम्बंधित के खातों में हस्तांतरित कराया जाना सुनिश्चित करायेंगे।

( विजय कुमार )
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

**संख्या व तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि :-** मण्डलायुक्त महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

2. जिलाधिकारी, फिरोजाबाद को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. नगर मजिस्ट्रेट, फिरोजाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रभारी अपर नगर आयुक्त को अनुपालनार्थ।
5. परियोजना अधिकारी, डूडा, फिरोजाबाद को अनुपालनार्थ।
6. लेखाधिकारी, नगर निगम फिरोजाबाद को अनुपालनार्थ।
7. कर निर्धारण अधिकारी, नगर निगम फिरोजाबाद को को अनुपालनार्थ।
8. सहायक अभियंता (यातायात), नगर निगम फिरोजाबाद को अनुपालनार्थ।

**नगर आयुक्त**
नगर निगम फिरोजाबाद।

384

# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

# नाला सफाई कार्यक्रम

# नाला सफाई कार्यक्रम 2020

## वर्ष–2020 में नालों की तलीझाड सफाई की मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0)

नगर निगम सीमान्तर्गत वर्ष – 2020 में वार्षिक नाला सफाई हेतु 145 सफाई श्रमिक शहरी आजीविका मिशन से दैनिक परिश्रमिक के आधार पर आपूर्ति ली गयी, तत्पश्चात् नालों की सफाई का कार्य दिनांक 01.03.2020 से प्रारम्भ करा दिया गया। नालों की सफाई हेतु सफाई कर्मचारियों के दो विशेष दस्ते गठित कर प्रत्येक का प्रभारी अलग–अलग दो सफाई निरीक्षकों को बनाया गया। नगर निगम फिरोजाबाद में नाला हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) अपनाई गई है, जो निम्न प्रकार है।

- नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत छोटे नाले – 61, बडे नाले 21, एवं 11 भूमिगत नाले है।
- नगर निगम फिरोजाबाद में 01 जौनल सैनेटरी ऑफीसर एवं 10 सैनेटरी एण्ड फूड इन्स्पैक्टर पदस्थ है।
- नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत समस्त नालों का आकलन कर 145 आउटसोर्सिंग सफाई श्रमिकों की निर्धारित दर पर सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।
- नाला सफाई हेतु दो अलग – अलग निरीक्षकों को प्रभारी सफाई निरीक्षकों को नामित किया गया। दोनो प्रभारी सफाई निरीक्षकों द्वारा फिरोजाबाद शहर में उत्तरी एवं दक्षिणी भाग के नालों की तलीझाड सफाई कार्य कराने के कार्य प्रारम्भ किया गया। जिनके लिए उत्तरी साईड एवं दक्षिणी साईड के नालों हेतु दो टीमें गठित की गयी।
- प्रतिदिन नालों की सफाई से पूर्व सफाई किये जाने वाले भाग को नापकर लक्ष्य निर्धारित किया जाता है।
- नाले के जल प्रवाह को मिटटी/बालू के भरे बेगों से रोका डालकर पूर्णतः अवरूद्व कर दिया जाता है, रोका पहले अपस्ट्रीम में तत्पश्चात डाउनस्ट्रीम में लगाया जाता है। जिसमें प्रतिदिन 300 बैग मिटटी/वालू भरने में उपयोग में लिये जाते है।
- अपस्ट्रीम में मिटटी से लगाये गये रोका एवं डाउनस्ट्रीम के रोका के बीच भरे पानी को दो सक्शन मशीनों द्वारा पूरी तरह खाली कर दिया जाता है।
- उपरोक्त प्रक्रिया से जल रहित नाला से सिल्ट को तली तक खोदकर सफाई कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाला जाता है।
- निर्धारित लक्ष्य अनुसार साफ किये गये नाले की सफाई के पश्चात नाला के आगे के भाग की सफाई हेतु यही प्रक्रिया अपनाई जाती है।
- दिन के समय नाला सफाई के दौरान निकाली गयी सिल्ट को उसी दिन, रात्रि में दो मैकनीकल लोडर, 04 ट्रिपर एवं 20 सफाई श्रमिक लगाकर उठवाया जाता है।
- इस उपरोक्त प्रक्रिया से नालों की तलीझाड सफाई उत्तम प्रकार की होती है, तथा सिल्ट भी सही समय से उठवा दी जाती है।
- नाला सफाई की इस प्रक्रिया से सफाई कार्य के साथ–साथ जनता द्वारा इस कार्य की सराहना भी की जा रही है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## अलग–अलग नाला सफाई दलों का लक्ष्य निर्धारण किया जाता है।





## अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में बांध बनाकर जल प्रवाह को अवरूद्ध किया जाता है।





# नगर निगम फिरोजाबाद

- अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में लगे दोनों बांधों के मध्य के भाग को सक्शन मशीन द्वारा खाली किया जाता है।
- अपस्ट्रीम में आ रहें जल को सक्शन मशीन द्वारा बाईपास किया जाता है, तदोपरान्त सिल्ट निकाली जाती है।





**सूखे नाले में गमबूट के साथ उतरकर सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले की तलीझाड सिल्ट निकाली जाती है।**





# नगर निगम फिरोजाबाद

## मा0 महापौर महोदया द्वारा नाला सफाई का निरीक्षण





## नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाला सफाई का निरीक्षण





# नगर निगम फिरोजाबाद

- लॉकडाउन के दौरान घने बाजारों में ऐसे नालें जो दुकानदारों द्वारा स्लैब एवं तखत इत्यादि से बन्द कर लिये जाते है, की तलीझाड सफाई की जा रही है।









# नगर निगम फिरोजाबाद

## डीसिल्टिंग के पश्चात तली तक नालों की स्थिति





## नाला सफाई के पश्चात् सिल्ट उठान





# नगर निगम फिरोजाबाद

## मशीनीकृत नाला सफाई












## दिन में निकाली गई सिल्ट का उसी दिन रात्रिकाल में उठान










# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## मीडिया की नजर से

### शहर के नालों की होगी तलीझाड़ सफाई

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: बारिश के मौसम में जलभराव की संभावना को देखते हुए नगर निगम प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर के प्रमुख नालों की तलीझाड़ सफाई के लिए अलग-अलग तीन गैंग बनाई गई हैं, जो सुबह से शाम तक नालों की तलीझाड़ सफाई करेंगी।

शहर में जरा सी बारिश होते ही गली, मुहल्लों में जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। बारिश के मौसम में जलभराव होने से नई आबादी के क्षेत्रों में हालात गंभीर हो जाते हैं, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम प्रशासन ने जलभराव की समस्या निदान के लिए नालों की तलीझाड़ सफाई अभियान शुरू कर दिया है। जेडएसओ दलवीर सिंह ने बताया कि नाला सफाई अभियान के लिए 150 कर्मचारियों की तीन गैंग बनाई गई हैं। दो गैंग वार्डों के नाले साफ करेंगी, वहीं तीसरी गैंग सर्विस रोड के अंडरग्राउंड नाले साफ करेंगे।

सोमवार को पहली गैंग में शामिल 65 कर्मचारियों ने साठ फुटा, दूसरी गैंग में शामिल 60 कर्मचारियों द्वारा स्टेशन रोड के नाले साफ किए। तीसरी गैंग द्वारा सर्विस रोड के नालों की तलीझाड़ सफाई की गई। स्वच्छता निरीक्षक जितेंद्र कुमार, महेश कुमार, अरविंद कुमार, मनोज श्रीवास्तव, स्वदेश यादव द्वारा नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया।

**लीकेज कनेक्शन काटने के लिए वार्ड में दौड़ी टीमें:** गर्मी के मौसम में दूषित पानी की समस्या के निदान के लिए नगर निगम द्वारा सड़कों व नालियों में चल रहे खुले कनेक्शन काटने के लिए सोमवार से अभियान शुरू कर दिया है।

जलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता चंदन सिंह के निर्देशन में कर्मचारियों द्वारा वार्ड एक सैलई में आधा दर्जन से अधिक खुले कनेक्शन काटे गए। दो स्थानों पर लाइनों में लीकेज मिले, जिसे शाम तक कर्मचारियों ने ठीक किया। अभियान के दौरान जिन घरों में खुले कनेक्शन चलते मिले, ऐसे भवन स्वामियों की कड़ी चेतावनी दी गई।



नगला बरी के निकट सर्विस रोड पर नाले की सफाई करते कर्मचारी • जागरण

### नगर निगम ने शुरू किया नालों की सफाई का अभियान

फिरोजाबाद। नगर निगम ने शहर के नालों की सफाई के लिए अभियान की शुरुआत कर दी है। मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग टीमों का गठन कर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नाला गैंग की एक टीम को दुली चौराहा से लेकर राजेंद्र विश्राम ग्रह तक लगाया गया था। टीम का प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेंद्र कुमार थे। वहीं सर्विस रोड के नालों की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अरविंद भारती के देखरेख में चला। जयश्री से टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली तक और राजा मार्बल से लेकर करबला की पुलिया तक नाले नालियों की तलीझाड़ सफाई का कार्म नाला गैंग के कर्मचारियों ने सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेश कुमार की देखरेख में किया गया। इसके साथ ही नई बस्ती के साथ अन्य क्षेत्रों में भी नगर निगम ने नाले नालियों की तलीझाड़ सफाई कराई। जेडएसओ दलवीर ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। संवाद

### नाला सफाई अभियान का निरीक्षण किया

फिरोजाबाद। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा नाले नालियों की तलीझाड सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को हनुमान रोड के नालों की तलीझाड़ सफाई कराई गई। वहीं स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे से लेकर गांधी पार्क चौराहा तक सफाई अभियान चला। सर्विस रोड नालों को भी साफ कराया गया। निरीक्षण जोनल सेनेटरी अधिकारी दलवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, महेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव ने किया। संवाद

### अधिकारियों ने किया नालों की सफाई का निरीक्षण

फिरोजाबाद। बरसातों में शहर की सड़कों पर पानी ना भरे, इसके लिए नगर निगम ने नालों की तली झाड़ सफाई कराना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम अधिकारियों ने नाला गैंग से साठ फुटा रोड, सैलई, स्टेशन रोड, बीपीएल ग्राउंड क्षेत्र के नालों की तलीझाड़ सफाई कराई। इसका निरीक्षण जोनल सेनेटरी अधिकारी दलवीर सिंह, महेश कुमार, अरविंद भारती, मनोज श्रीवास्तव, संजीव कुमार चौरसिया, प्रकाश सिंह, दिनेश पाल सिंह, सुदेश यादव ने संयुक्त रुप से किया। इस दौरान जोनल सेनेटरी अधिकारी दलवीर सिंह ने नालों से निकलने वाली सिल्ट को रात में ही उठवाने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए। संवाद

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सोशल मीडिया की नजर से












# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक ११७ सा०प्र० / स्वा०वि० / 2019–20 दिनांक 27/02/2020

**विषयः–** नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत बरसात से पूर्व नालों की सफाई कार्य करने हेतु उत्तर साईड एवं दक्षिण साईड नालों की सफाई हेतु क्रमशः 65+60=125 सफाई श्रमिक की आपूर्ति करने के सम्बन्ध में।

### कार्यादेश

व्यवस्थापक,
शहरी आजीविका केन्द्र,
शिकोहाबाद फिरोजाबाद

अवगत कराना है कि नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत नालों की मैनुअली सफाई व्यवस्था का कार्य संचालन हेतु 125 सफाई श्रमिक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से आपूर्ति करने हेतु नगर आयुक्त महोदय दिनांक 26.02.2020 को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

अतः उपरोक्त के अनुपालन में आउटसोर्सिंग पर निर्धारित वर्तमान स्वीकृत दर दिनांक 01.03.2020 से 31.03.2020 तक के लिये उत्तर साईड एवं दक्षिण साईड नालों की सफाई हेतु क्रमशः 65+60=125 सफाई श्रमिकों की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

26/02/20

जौनल सैनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

संख्या व दिनांक तदैव
प्रतिलिपि :
01. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।

जौनल सैनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

## कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक 995 / सा०प्र० / स्वा०वि० / 2019–20 दिनांक 27/2/2020

### आदेश

नगर आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 26.02.2020 के अनुपालन में नगर निगम सीमान्तर्गत वर्ष – 2020 में नालों की तलीझाड सफाई कराये जाने हेतु निम्न व्यवस्था की जाती है।

| क्र०सं० | नाला सफाई कार्य प्रारम्भ होने का दिनांक | नाला सफाई गैंग | स्वीकृत सफाई श्रमिकों की सं० | सेवा प्रदाता का नाम | प्रभारी सफाई नायक का नाम व मो० नं० | प्रभारी गैंग निरीक्षक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.03.2020 | (a) उत्तरी साईड गैंग | 65 | शहरी अजीविका मिशन, शिकोहाबाद। | श्री बालकिशन, कार्यवाहक सफाई नायक मो० नं० 7088118056 | श्री जितेन्द्र कुमार, स्वच्छता निरीक्षक मो० नं० 8077301106 |
| | 16.03.2020 | (b) जे०सी०बी० मशीन, नाला क्लीनिंग मशीन चैक मशीन एवं लोडर हेतु। | 20 | | | |
| 2 | 01.03.2020 | दक्षिणी साईड गैंग | 60 | शहरी अजीविका मिशन, शिकोहाबाद। | श्री रिजवान वेग, सफाई नायक मो० नं० 8755516915 | श्री महेश कुमार, स्वच्छता निरीक्षक मो० नं० 7088118015 |
| 3 | 01.03.2020 | अण्डर ग्राउण्ड सर्विस रोड नाला | 12 एवं पूर्व से लगे हुए 18 सफाई श्रमिक | मैसर्स अग्रवाल एण्ड कम्पनी शाहगंज आगरा। | श्री अमजद, कार्यवाहक सफाई नायक मो० नं० 8533090477 | श्री अरविन्द भारती, स्वच्छता निरीक्षक मो० नं० 7088118014 |

उत्तरी साईड एवं दक्षिणी साईड नालों की सूची में अंकित नालों की सफाई क्रमबद्ध रूप से दिनांक 01.03.2020 से कराना सुनिश्चित करें। आदेश का अनुपालन कडाई से किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न –** उत्तरी एवं दक्षिणी साईड के नालों की सूची की छायाप्रति।

27/2/20

जौनल सैनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

संख्या व दिनांक तदैव
प्रतिलिपि :
01. मा० महापौर महोदया को सादर सूचनार्थ।
02. नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
03. अपर नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ।
04. नगर स्वास्थ्य अधिकारी महोदय को सूचनार्थ।
05. सम्बन्धित लिपिक को पत्रावली पर चस्पा हेतु।
06. सम्बन्धित सफाई सुपरवाईजरों को अनुपालनार्थ।

27/2/20

जौनल सैनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

नगर स्वास्थ्य अधिकारी /अपर नगर आयुक्त/नगर आयुक्त महोदय,

अवगत कराना है कि गतवर्षो की भॉति वर्तमान वर्ष 2020 में बरसात से पूर्व नगर निगम फिरोजाबाद की सीमार्न्तगत स्थित छोटे एवं बडे नालों की सफाई मैनुअल एवं जे0सी0बी0/नाला क्लीनिंग मशीन से दिनांक 01.03.2020 से निम्नलिखित नाला के क्रम के हिसाब से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक की निगरानी में करायी जायेगी। जिसका निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया जायेगा। नगर निगम सीमार्न्तगत नालों का विवरण क्रमशः निम्नप्रकार है।

उत्तर साईड नाला सफाई प्रारम्भ दिनांकः 01.03..2020

| क्र0 सं0 | नाले का स्थल नाम | नालो की डिसिल्टिंग जे0सी0बी0/मैनुअल | लगभग दिन | अन्य विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हनुमान रोड दोनो साइड के नाले मिट्ठन लाला हलवाई की दुकान से राजेन्द्र विश्राम ग्रह तक राजेन्द्र विश्राम ग्रह से रामद्वार तक रामद्वार होते हुये पाराशर मार्केट के पीछे होते हुये एस0आर0के0 की पुलिया कोटला चुंगी तक | मैनुअल/जे0सी0बी0 | 10 | छोटा |
| 02 | दुली चौराहे से डाकखाना चौराहे तक व तीनो पुलिया दुली चौराहे की | मैनुअल | 3 | छोटा |
| 03 | डाकखाना चौराहे की तीनो पुलिया | मैनुअल | 1 | छोटा |
| 04 | शिवाजी मार्ग दोनो साइड के नाले.डाकखाने चौराहे तक | मैनुअल | 2 | छोटा |
| 05 | जलेसर रोड बर्फखाना चौराहे से मरघटी तक दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 4 | छोटा |
| 06 | हाजीपुरा आगाशाह मस्जिद रोड दोनो साइड नाला | मैनुअल | 08 | छोटा |
| 07 | शीतल खां रोड दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 8 | छोटा |
| 08 | बौद्धाश्रम रोड दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 8 | छोटा |
| 09 | 60 फुटा रोड दोनो साइड के नाले | मैनुअल/चैन मशीन | 12 | छोटा |
| 10 | नगला मिर्जा दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 6 | छोटा |
| 11 | रामगढ रोड दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 10 | छोटा |
| 12 | कोहिनूर रोड दोनो साईड का नाला | मैनुअल | 4 | छोटा |
| 13 | कश्मीरी गेट दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 04 | छोटा |
| 14 | आर्यनगर चौराहे से जलेसर रोड तक दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 4 | छोटा |
| 15 | नगला करन सिंह कोटला चुंगी चौराहे से अहिल्याबाई की मूर्ति से बडे नाले तक दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 10 | छोटा |
| 16 | क्लब चौराहे से झील की पुलिया तक दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 14 | छोटा |
| 17 | तहसील रोड दोनो साइड के नाले झील की पुलिया तक | मैनुअल | 05 | छोटा |
| 18 | मित्तल नर्सिग से मथुरा नगर मैन रोड के दोनो साइड के नाले वायॉ गोमती नगर,विभव नगर,यादव नगर होते हुये रैहना की पुलिया तक | मैनुअल | 10 | छोटा |
| 19 | रैपुरा रोड दोनो साइड के नाले | मैनुअल | 6 | छोटा |
| 20 | झील की पुलिया से लेकर ककरऊ की कोठी तक दोनो साईड के नाले | मैनुअल/चैन मशीन | 06 | छोटा |
| 21 | सत्यनगर की पुलिया से लेकर मायापुरी बाल्मीकि वस्ती तक | मैनुअल | 04 | छोटा |
| 22 | गर्ग होटल से फायर बिग्रेड स्टेशन तक आर्य नगर | मैनुअल | 04 | छोटा |
| 23 | नाला आसफाबाद चौराहे से फलमण्डी लालपुर होते हुये बम्बा रोड के पश्चिमी साईड का नाला कोटला रोड चौराहा | मैनुअल/नाला क्लीनिंग मशीन | 15 | छोटा |
| 24 | रैहना रोड पर फायर स्टेशन के सामने मसाले वाली गली का बडा नाला रैहना नाले तक | मैनुअल | 06 | छोटा |
| 25 | अहिल्याबाई की मूर्ति से बम्बा चौराहे तक दोनो साईड के नाले | मैनुअल/चैन मशीन | 04 | छोटा |
| 26 | पप्पु हलवाई से ओमनगर तक नाला | मैनुअल | 02 | छोटा |
| 27 | ऊदल सिंह वाले रोड से बम्बा बाईपास नाले तक | मैनुअल/चैन मशीन | 03 | छोटा |
| 28 | राठौर नगर ट्यूबैल के पास श्रीनगर तक | मैनुअल | 01 | छोटा |
| 29 | शान्तीनगर मास्टर के मकान से बिजलीघर के पास सर्विस रोड तक आसफाबाद | मैनुअल/चैन मशीन | 04 | छोटा |
| 30 | मोहन नगर दखल वाला नाला | मैनुअल | 02 | छोटा |
| 31 | सत्यनगर की पुलिया से लेकर गंगा रिसोर्ट, बम्बा बाईपास तक दोनो साईड | मैनुअल/चैन मशीन | 03 | छोटा |
| 32 | गंगा रिसोर्ट से नानवदयाल स्कूल तक बाये साइड का नाला | मैनुअल/चैन मशीन | 02 | छोटा |
| 33 | बम्बा नाले से रेलवे किनारे होते हुये प्रभातनगर तक अंकेश के मकान तक | मैनुअल/चैन मशीन | 02 | छोटा |

जौनल सेनेटरी ऑफीसर
नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

# क्वारांटाईन होम्स, कवारांटाईन कैंम्प्स के अपशिष्ट का प्रबंधन

**कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत क्वारांटाईन होम्स, कवारांटाईन कैंम्प्स अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0)**

- क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन कैंम्प्स से वॉयोमेडिकल वेस्ट सीधे कॉमन वॉयोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैंसेलिटी (जे0आर0आर0 वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0) द्वारा उठाया जा रहा है।
- सम्पूर्ण शहर में कोविड–19 महामारी के समय घरो से निकलने वाले घरेलू खतरनाक कचरा जैसे– मास्क, सैनिटरी नैपकिन्स एवं अन्य मानव अपशिष्ट अलग से पीले थैले में एकत्रित किया जा रहा है, एवं पूर्णतः बन्द करके जिला अस्पताल में बने एकत्रण बिन्दु पर कॉमन वॉयोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैंसेलिटी को हस्तगत किया जा रहा है।
- क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन कैंम्प्स को वॉयोमेडिकल वेस्ट के लिये बने पीले थैले नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराये जा रहें है।
- कूड़ा संग्रह करने वाले कर्मचारियों का एक विशेष दल गठित किया गया है, जो क्वारांटाईन होम्स एवं क्वारांटाईन सेन्टर से कचरा एकत्रित करने से पूर्व व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कचरा एकत्रण करते है एवं इस कार्य हेतु इन्हें विशेष प्रशिक्षित किया गया है।
- क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन कैंम्प्स से निकलने वाले सामान्य ठोस अपशिष्ट को एकत्रण करने से पूर्व 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइड से ट्रीट किया जाता है, तत्पश्चात परिवहन किया जाता है।
- क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन सेन्टर एवं हॉट स्पॉट एरिया से खाली किये गये डस्टविन्स को खाली करने के पूर्व एवं बाद में 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइड से स्प्रे किया जा रहा है।
- क्वारांटाईन होम्स, कवारांटाईन कैंम्प्स एवं हॉटस्पॉट एरिया से निकले सामान्य ठोस अपशिष्ट को डम्प साइट पर एक निर्धारित स्थान पर डालकर 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइड से पुनः ट्रीट किया जाता है एवं प्रतिदिन अपशिष्ट डालते समय सम्पूर्ण अपशिष्ट पर 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिडकाव किया जाता है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत क्वारांटाईन होम्स, क्वारांटाईन कैंम्प्स एवं हॉट स्पॉट एरिया से उत्पन्न ठोस अपशिष्ट को पृथक रूप से एकत्रित कर 1 प्रतिशत सोडियम हाइपोक्लोराइड से सैनिटाईजेशन करते हुये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली–2016 के अनुसार निस्तारित किया जा रहा है।



## कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 1150/सा0प्र0/2020–21 दिनांक 9/4/2020

### आदेश

कोविड–19 के मरीजो, क्यूरेन्टाईन कैम्प/होम, इत्यादि से सम्बन्धित बायो मेडिकल अपशिष्ट एवं ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु निम्न प्रकार व्यवस्था की जाती है।

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण | सफाई एवं खादय निरीक्षक का नाम |
|---|---|---|
| 01 | आइसोलेशन वार्ड, अस्पताल, कोरेन्टाईन सेन्टर, कोरेन्टाईन कैम्प/होम, कोरेन्टाईन घरो के ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु डैडीकेटिड सफाई कर्मचारियों की तैनाती करते हुये ठोस अपशिष्ट का निस्तारण सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम–2016 के अर्न्तगत कराया जाय। वार्ड नं0 64 एवं आस–पास के समस्त एक किलोमीटर की परिधि के वार्ड। | श्री अरविन्द भारती, 7088118014<br>श्री जितेन्द्र कुमार, 8077301106 |
| 02 | शेल्टर होम, आइसोलेशन वार्ड, अस्पताल, कोरेन्टाईन सेन्टर, कोरेन्टाईन कैम्प/होम, कोरेन्टाईन घरो के ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु डैडीकेटिड सफाई कर्मचारियों की तैनाती करते हुये ठोस अपशिष्ट का निस्तारण सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम–2016 के अर्न्तगत कराया जाय। वार्ड नं0 64 एवं आस–पास के समस्त एक किलोमीटर की परिधि के वार्ड। | श्री संजीव कुमार चौरसिया, 7088118011<br>श्री प्रकाश सिंह, 7088110265 |
| 03 | कोरेन्टाईन सेन्टर, कोरेन्टाईन कैम्प/होम, कोरेन्टाईन घरो के ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु डैडीकेटिड सफाई कर्मचारियों की तैनाती करते हुये ठोस अपशिष्ट का निस्तारण कराया जाना। वार्ड नं0 47, एवं आस–पास के एक किलोमीटर की परिधि के वार्ड। | श्री विपन कुमार, 7088118042<br>श्री मनोज श्रीवास्तव, 9935888279 |
| 04 | आइसोलेशन वार्ड, अस्पताल, कोरेन्टाईन सेन्टर, कोरेन्टाईन कैम्प/होम, कोरेन्टाईन घरो के ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु डैडीकेटिड सफाई कर्मचारियों की तैनाती करते हुये ठोस अपशिष्ट का निस्तारण सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम–2016 के अर्न्तगत कराया जाय। वार्ड नं0 43, 46 एवं आस–पास के एक किलोमीटर की परिधि के वार्ड। | श्री महेश कुमार, 7088118015<br>श्री सुदेश यादव, 7088118075 |
| 05 | शेल्टर होम, आइसोलेशन वार्ड, अस्पताल, कोरेन्टाईन सेन्टर, कोरेन्टाईन कैम्प/होम, कोरेन्टाईन घरो के ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु डैडीकेटिड सफाई कर्मचारियों की तैनाती करते हुये ठोस अपशिष्ट का निस्तारण सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट नियम–2016 के अर्न्तगत कराया जाय। वार्ड नं0 19 एवं आस–पास के एक किलोमीटर की परिधि के वार्ड। | श्री दिनेश पाल सिंह, 7088118057 |

उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाये कि लोगो द्वारा यूज किये जा रहे मास्क, ग्लब्स इत्यादि का निस्तारण Domestic Hazardous Waste की भॉति समुचित रूप से कराया जायें।

आदेश का कढाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद

प्रतिलिपि:

01. जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02. अपर नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ।
03. नगर स्वास्थ्य अधिकारी /जौनल सेनेटरी ऑफीसर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. सम्बन्धित स्वच्छता निरीक्षक को अनुपालन हेतु।

09/04/2020

नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद





- सम्पूर्ण सुरक्षा उपकरणों के साथ पूर्णतः बन्द एवं निर्धारित बैग में बॉयोमेडिकल वेस्ट का उठान एवं निस्तारण जे0आर0आर0 वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0 द्वारा किया जा रहा है।










# Covid-19

# शहर के प्रमुख स्थानों पर साबुन से हाथ धोने की सुविधा

# नगर निगम फिरोजाबाद

- कोविड–19 महामारी को फैलने से बचाने हेतु शहर के 16 प्रमुख स्थानों जैसे मुख्य चौराहों, व्यवसायिक क्षेत्र, सब्जी मण्डी तथा मलिन बस्ती के समीपवर्ती क्षेत्रों में साबुन से हाथ धोने की सुविधा आम जनमानस को उपलब्ध कराई गई है।
- इस व्यवस्था के अन्तर्गत 500 लीटर की टंकी, हाथ धोने के लिये हैण्डवॉश, वॉशबेसिन तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की गई।
- हैण्डवॉश डिस्पैन्सर जो कि स्थाई रूप से फ्रेम में लगा हुआ है, मे हैण्डवॉश सोल्यूशन को दिन में 02 बार रिफिल किया जाता है, तथा समस्त टंकियों को प्रातः व सांय दो बार टैंकरों के माध्यम से भरा जाता है।
- इस सुविधा से मुख्य चौराहों, व्यवसायिक क्षेत्र, सब्जी मण्डी इत्यादि पर आने वाले लोगों के अतिरिक्त देव नगर, भीम नगर , रामनगर, नगला बरी, सैलई इत्यादि मलिन बस्तियां भी लाभान्वित हो रही है।






# नगर निगम फिरोजाबाद

## कोविड–19 महामारी को फैलने से बचाने हेतु शहर में हाथ धोने की सुविधा

## (मीडिया/सोशल मीडिया की नजर से)

### निगम ने हैंडवाश का इंतजाम किया

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

नगर निगम ने कोरोना से संक्रमित होने से बचाने को नई पहल शुरू की है। उसने 10 स्थानों पर हैंडवाश के सेंटर बनाए हैं। यहां पर आने जाने वाले राहगीर अपने हाथों को क्लीन कर संक्रमण को खत्म कर सकते हैं।

मेयर नूतन राठौर और नगरा आयुक्त विजय कुमार ने इन सेंटरों का शुभारंभ करते हुए पानी की टंकी और सेनेटाइजर और साबुन को रखवाया है। मेयर ने बताया कि नगला भाऊ चौराहा, सुहागनगर की सब्जी मंडी, कंपनी बाग चौराहा, रसूलपुर सब्जी मंडी, नालबंद चौराहा, कोटला रोड, ककरऊ चौराहा समेत 10 स्थानों पर इन पानी की टंकी को रखवाया है। इन टंकियों के पास साबुन और सेनेटाइजर रहेगा। नगरायुक्त ने बताया कि लोग बाजार में काम से आते हैं तो इन सेंटरों पर अपना हाथ साफ करें और घरों को जाएं। ताकि अगर संक्रमण आए भी तो वह खत्म हो जाए। बेसहारा जानवरों की प्यास बुझाने के लिए भी 12 स्थानों पर पानी का इंतजाम कराया है।



नगर निगम द्वारा 10 स्थानों पर हाथ साफ करने की व्यवस्था को चेक करती मेयर नूतन और नगरायुक्त विजय कुमार। • हिन्दुस्तान

#### सभासद ने स्वयं किया वार्ड सेनेटाइज

टूंडला। शनिवार को पालिका परिषद के वार्ड नम्बर–25 को सेनेटाइज किया। वार्ड सभासद बृजपाल सविता ने वार्ड में पालिकाकर्मियों के साथ ही सभी मकानों को सेनेटाइज किया। इससे पूर्व ही वार्ड को सेनेटाइज किया गया था। यह वार्ड हॉट स्पॉट बने प्रतापुर की पांच किलोमीटर की सीमा में है। यही कारण है कि पालिका परिषद इस वार्ड को सेनेटाइज करने में अधिक ध्यान दे रही है।

#### पहले बांटे मास्क फिर दिया खाद्यान्न

फिरोजाबाद। भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने शनिवार को आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए। पैकेट में आटा, दाल, चावल, मसाले, नमक, तेल आदि खाद्य सामग्री रखी है। उन्होंने खाद्य सामग्री के पैकेट प्राप्त करने आए जरूरतमंद लोगों को सबसे पहले मास्क वितरित किए।

**Nagar Nigam Firozabad**, Mahesh Kumar और 22 अन्य लोगों के साथ है.

16 अप्रैल को 8:06 अपराह्न बजे ·

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण देशभर में बचाव के लिए मुख्य रूप से भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर एक नियमित अंतराल पर साबुन से कम से कम 20 सैकेण्ड तक अच्छी तरह से हाथ धोने के लिए एडवायजरी जारी की गई है। इस हेतु मा.महापौर महोदया सुश्री नूतन राठौर जी द्वारा भी शहर के प्रमुख चैराहों तथा मलिन बस्तियों के समीप हाथ धोने की व्यवस्था बनाये जाने एवं लॉकडाउन की अवधि में शहर में विचरण कर रहे प...
और देखें



**Municipal Corporation Firozabad** @MunicipalCorpo9 · Apr 16

To prevent from covid 19, @MoHFW_INDIA has advised to wash the ha regularly for 20 seconds. With respect to the advisory, Nagar Nigam Firozabad has arranged steel wash basin, handwash soap, 500lts. water & partially installed it to 10 important places in the city.



### अब नगर निगम में हाथ धोने के बाद ही मिलेगा प्रवेश

जासं, फीरोजाबादः अब नगर निगम में किसी अधिकारी, कर्मचारी को हाथ धोए बिना प्रवेश नहीं मिलेगा। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए नगर निगम प्रांगण में शनिवार को हाथ धोने के लिए नई टंकी लगवाई गई। कोरोना वायरस की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है।

लॉकडाउन के चलते लोग घरों में कैद हैं, उसके बावजूद कोरोना पॉजिटिव केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। नगर आयुक्त विजय कुमार ने अधिकारी, कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए नगर निगम में 500 लीटर की नई टंकी रखवाई, जिससे सभी लोग हाथ धोने के बाद ही कार्यालय में प्रवेश करें। टंकी के ऊपर भी पंपलेट चस्पा किया है, उस पर लिखा है कि कोरोना से बचने के लिए कार्यालय में प्रवेश करने से पहले हाथ धोना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि लॉकडाउन में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी, अधिकारी, कर्मचारियों सुविधा के लिए शहर में दस सार्वजनिक स्थलों व प्रमुख चौराहों पर भी हाथ धोने के लिए टंकियों की व्यवस्था कराई जा रही है।

# Covid-19

## 24 घंण्टे सक्रिय कन्ट्रोल रूम की स्थापना

# नगर निगम फिरोजाबाद

- शहर के नागरिकों को लॉकडाउन के दौरान सफाई ,सैनेटाईजेशन, भोजन, राशन इत्यादि किसी भी प्रकार की समस्या होने की स्थिति में सहायता प्राप्त करने हेतु 24 घण्टे सक्रिय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है।
- कन्ट्रोल रूम के हेल्पलाइन नं0 –8958575575 पर प्रतिदिन औसतन 250 शिकायतें प्राप्त होती है, जिसमें लगभग 200 भोजन की माँग, 25 सफाई एवं 25 सैनेटाईजेशन से सम्बन्धित होती है।
- कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

**कार्यालय, नगर आयुक्त, नगर निगम फिरोजाबाद**

पत्रांक 6944 /सा0प्र0/न0आ0-एस0टी0/2019-20 दिनांक 25, मार्च 2020

**आदेश**

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से बचाव एवं इसकी रोकथाम हेतु नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। वर्तमान में लॉकडाउन के अंतर्गत आम जनता को जन समस्याओं हेतु कार्यालय में आना पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसी दशा में जनहित में नगर निगम फिरोजाबाद में जन समस्याओं की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु एक कण्ट्रोलरूम की स्थापना की जाती है। जिसमें निम्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है –

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | पद नाम | ड्यूटी टाइम |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री अमरेन्द्र गौतम | सहायक अभियंता | प्रभारी कण्ट्रोलरूम |
| 01 | श्री राजेश कुमार | अवर अभियंता-सिविल | प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक |
| 02 | श्री प्रवीन कुमार | अवर अभियंता-सिविल | दोपहर 04:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक |
| 03 | श्री अमित कुमार | अवर अभियंता-सिविल | रात्रि 12:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक |

उपरोक्त सम्बन्धित अधिकारीगण निर्धारित समयावधि में नगर निगम स्थित कण्ट्रोलरूम में 24 x 7 अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। ड्यूटी के दौरान कण्ट्रोलरूम के नम्बर 8958575575 पर प्राप्त शिकायतों को नोट कराकर सम्बन्धित विभागों को अंतरित करते हुए समयांतर्गत उनका निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे। श्री अमरेन्द्र गौतम सहायक अभियंता कण्ट्रोलरूम के ओवरऑल प्रभारी रहेंगे एवं अपने निर्देशन में उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। अनुपालन में शिथिलता अथवा लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

( विजय कुमार )
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

संख्या व तद्दिनांक

प्रतिलिपि :- मा0 महापौर, नगर निगम फिरोजाबाद को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

2. मण्डलायुक्त महोदय, आगरा को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रभारी अपर नगर आयुक्त को आवयश्क कार्यवाही हेतु।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, नगर निगम फिरोजाबाद।
6. श्री अमरेन्द्र गौतम, सहायक अभियंता।
7. श्री राजेश कुमार, अवर अभियंता।
8. श्री अमित कुमार, अवर अभियंता।
9. श्री प्रवीन कुमार, अवर अभियंता।

25/3/2020
नगर आयुक्त
नगर निगम फिरोजाबाद।

384






# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

## सामाजिक दूरी बनाये जाने हेतु किये गये प्रयास

# नगर निगम फिरोजाबाद

## सोशल डिस्टेन्सिंग

- नगर निगम फिरोजाबाद सीमान्तर्गत वार्डो की मेडिकल, किराना स्टोर एवं सब्जी की दुकानों पर लोगों को सामाजिक दूरी बनाये जाने हेतु चूने से प्रतिदिन गोले बनाये जा रहे है।
- नगर निगम के प्रचार वाहन एवं कूड़ा प्रबंधन की गाड़ियों के माध्यम से भी ध्वनि संदेश प्रसारित कर सोशल डिस्टेन्सिंग हेतु जागरूक किया जा रहा है।









# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## सोशल डिस्टेन्सिंग हेतु किये जा रहे प्रयास (मीडिया/सोशल मीडिया की नजर से)

### सोशल डिस्टेंसिंग के लिए शहर में दौड़े अधिकारी

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

लॉक डाउन में छूट के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग को बनाए रखने को मंगलवार को कई विभागों के उच्च अधिकारी एक साथ शहर कई स्थानों पर दौड़ते रहे। अधिकारियों ने बजरिया थाना दक्षिण के समीप लगने वाली सब्जी मंडी को दूसरे स्थान पर लगाने के अलावा हाथ ठेलाओं को सदर बाजार में सड़क के किनारे खड़े करने के निर्देश दिए हैं।

कोरोना वायरस से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग भी बहुत आवश्यक है। इसी को देखते हुए नगर आयुक्त विजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर पंकज, एसडीएम सदर राजेश वर्मा ने संयुक्त रूप से पूरे शहर में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर बदलाव किया। सुभाष तिराहे से लेकर बजरिया तक किए भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने बजरिया लगने वाली सब्जी मंडी अब पुरानी तहसील प्रांगण में लगेगी ताकि यहां भीड़ जमा न हो सके। सुभाष तिराहे पर भी उन्होंने सभी फल विक्रेताओं को दूरी पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके अलावा बजरिया में जो लोग हाथ ठेला लगाकर सामान बेचते थे वह अब सदर बाजार में सड़क के किनारे खड़े होंगे।

**दवा विक्रेता को फटकार**

एसपी सिटी प्रबल प्रताप सिंह ने सोमवार को सुभाष तिराहा स्थित मनोज मेडिकल पर लगी लोगों की भीड़ को देखकर दवा विक्रेता को आड़े हाथ ले लिया। उन्होंने कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन किया तो दुकान बंद करा दी जाएगी।

---

**Nagar Nigam Firozabad** added 8 new photos.
Apr 29 at 16:23 ·

#Nagar_Nigam_Firozabad
कोरोना वायरस के बचाव के रोकथाम के दौरान आज दिनांक 29 अप्रैल 2020 का नगर आयुक्त महोदय श्री विजय कुमार जी द्वारा सब्जी ठेले वालों, दूध वालो व मेडिकल स्टोर की दुकान पर खड़े ग्राहकों को सामुदायिक दूरी बनाए जाने हेतु जागरूक कर मास्क एवं सेनेटाइजर के उपयोग हेतु प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा किये जा रहे सेनेटाइजर कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जौनल सेनेटरी ऑफिसर सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।
#indiafightscorona
#firozabadfightscorona
#हारेगाकोरोनाजीतेगाइंडिया
#nutanrathore
#vijaykumar
#coronacommondo



---

Tweet

**Municipal Corporation Firozabad**
@MunicipalCorpo9

आज दिनांक 04.04.2020 को नोबेल कोरोना वायरस-19 (कोविड - 19) से बचाव एवं रोकथाम हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत वार्डो के मेडिकल, किराना स्टोर एवं सब्जी की दुकानों पर लोगों को social distancing बनाए रखने हेतु चूने से गोले बनाये गये।

Translate Tweet



---

33° अधिकतम तापमान | 26° न्यूनतम तापमान | सूर्य अस्त (आज) 06:26 उदय (कल) 06:28

**फीरोजाबाद जागरण**

www.jagran.com आगरा, 28 मार्च 2020 दैनिक जागरण | 3



फीरोजाबाद में जनकल्याणम मेडिकल स्टोर पर गोले में खड़े होकर दवा लेते लोग • जागरण

### 'लॉक' से प्रदूषण डाउन

जा सं. फीरोजाबाद: लॉकडाउन ने सुहागनगरी से प्रदूषण हवा कर दिया है। हवा में खुलकर सांस लेने का मौका दिया है। आम दिनों में मानक से तीन गुना रहने वाला शहर का प्रदूषण आंकड़ा वर्तमान में घटकर मानक के काफी करीब आ गया है। ऐसा औद्योगिक इकाइयों में तालाबंदी और वाहनों के थम जाने से हुआ है। कांच उत्पाद की इकाइयों की मौजूदगी से फीरोजाबाद में हमेशा ही वायु प्रदूषण एक संकट रहा है। वर्ष 1996 से नेचुरल गैस से कांच इकाइयां संचालित हो रही है। इसके बाद भी प्रदूषण में कमी दर्ज नहीं की गई। टीटीजेड में जनवरी-15 से नई इकाइयों की स्थापना और क्षमता विस्तार पर रोक लगा दी है। टीटीजेड की सख्ती के बाद भी कोयले से भट्ठियां सुलग रही है। सड़कों पर 15 साल पुराने वाहन दौड़ रहे हैं। पिछले कई माह से प्रदूषण का ग्राफ तीन गुना से अधिक चल रहा था। कोरोना वायरस के चलते हुए लॉकडाउन के बाद टीटीजेड में संचालित समस्त कांच, चूड़ी, एक्सपोर्ट, पैकेजिंग, डेकोरेशन की समस्त इकाइयों में शटडाउन हो चुका था।

> लॉकडाउन के बाद शहर की वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। पीएम-10 के मानक में काफी सुधार हुआ है। लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए अगले माह तक स्थित और बेहतर होगी।'
>
> मनोज कुमार चौरसिया, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

| मॉनीटरिंग स्टेशन-सीडीजीआइ | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तारीख | 3 | 10 | 13 | 17 |
| पीएम-10 | 219 | 186 | 127 | 158 |
| **मॉनीटरिंग स्टेशन-तिलक नगर** | | | | |
| तारीख | 4 | 11 | 14 | 18 |
| पीएम-10 | 130 | 149 | 162 | 184 |
| **मॉनीटरिंग स्टेशन-राजा का ताल** | | | | |
| तारीख | 2 | 9 | 12 | 16 |
| पीएम-10 | 188 | 195 | 160 | 143 |

# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Covid-19

## कोविड से बचाव के लिये जनजागरूकता अभियान

# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

- कोविड से बचाव के लिये जनजागरूकता हेतु शहर के 40 प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स एवं बैनर लगाये गये है।
- नगर निगम के प्रचार वाहन से लगातार ध्वनि संदेश प्रसारित किये जा रहें है।
- नगर निगम के कूडा उठाने वाले 15 वाहनों से भी ध्वनि संदेश प्रसारित किये जा रहें है।












# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## वेबसाइट पर प्रचार प्रसार

- कोविड–19 से बचाव एवं रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण सावधानियाँ नगर निगम फिरोजाबाद की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित हो रही है। आरोग्य सेतु ऐप का डाउनलोड लिंक भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# Covid-19

# निराश्रित पशुओं हेतु चारे की व्यवस्था

## निराश्रित पशुओं हेतु चारे की व्यवस्था

- कोविड–19 आपदा में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा निराश्रित पशुओं को चारा खिलाने का समुचित प्रबन्ध किया जा रहा है।
- नगर निगम फिरोजाबाद की कान्हा गौशाला एवं आर्यनगर गौशाला में 400 गौवंश संरक्षित है। जिनकी पूर्ण देखभाल एवं भूसा, हरा चारा, दाना इत्यादि खिलाने का कार्य नगर निगम द्वारा बखूबी किया जा रहा है।
- उपरोक्त के अतिरिक्त कोविड–19 आपदा के दौरान 200 निराश्रित गौवंशों को नगर निगम सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों स्टेशन रोड, साठफुटा रोड, माल गोदाम रोड, आसफाबाद, जलेसर रोड इत्यादि पर चारा खिलाया जा रहा है।
- इस कार्य में कैटल कैचर की गाड़ी एवं 04 कर्मचारियों की सहायता से 10 कुन्टल हरा चारा एवं 02 कुन्टल भूसा मिश्रित कर खिलाया जा रहा है।






# नगर निगम फिरोजाबाद

## निराश्रित पशुओं हेतु चारे की व्यवस्था







Tweet

Municipal Corporation Firozabad
@MunicipalCorpo9

During this global epidemic, Nagar Nigam is providing food to needy people through community kitchen also to the destitute animals. Today 2 quintal straw and 5 quintal green fodder has been given to stray animals to eat. #IndiaFightsCorona @GopalJi_Tandon @firozabaddm

5:56 PM · 22 Apr 20 from Firozabad, India · Twitter for Android


Tweet

Municipal Corporation Firozabad
@MunicipalCorpo9

During this global epidemic, Municipal Corporation Firozabad is providing food to needy people through community kitchen also to the destitute animals. Today Municipal Commissioner Firozabad has fed the destitutes in the city. #IndiaFightsCorona @GopalJi_Tandon @firozabaddm

#IndiaFightsCorona and 9 others

2:32 PM · 19 Apr 20 · Twitter for Android

# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## निराश्रित श्वानों एवं कपियों हेतु भोजन व्यवस्था

- नगर क्षेत्र में सड़को पर घूमने वाले श्वानों एवं कपियों हेतु प्रतिदिन नगर निगम एवं स्वयं सेवी संस्था द्वारा भोजन कराया जा रहा है।
- नगरीय क्षेत्र में विचरण कर रहे वानरों को नगर निगम द्वारा प्रतिदिन चना, फल आदि भोज्य पदार्थ वितरित किये जा रहे हैं।
- प्रतिदिन लगभग 200 से 250 वानरों को विभिन्न स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, जलकल कम्पाउण्ड परिसर, कैला देवी मंदिर, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर भोजन दिया जा रहा है।
- नगरीय क्षेत्र में विचरण करने वाले लगभग 100 से अधिक श्वानों को पके हुए भोजन एवं ब्रेड की व्यवस्था की जा रही है।







# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

## आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड कराने हेतु किये जा रहे प्रयास

## आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड कराने हेतु किये जा रहे प्रयास

- वार्डों में जाने वाले डोर–टू–डोर कलैक्शन करने वाले प्रत्येक वाहन पर आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड करने हेतु जागरूक करने के लिए बैनर लगाये गये हैं।
- शहर के प्रमुख स्थानों पर आरोग्य सेतु एप्प के होर्डिंग्स लगाये गये हैं।
- प्रचार वाहन से आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड करने हेतु लगातार ध्वनि संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं।
- सैनिटाइजेशन एवं सफाई कार्य के दौरान वार्ड सुपरवाइजरों के द्वारा सामाजिक दूरी बनाये रखते हुए आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड कराये जा रहे है।
- फिरोजाबाद शहर में दिनांक 06.05.2020 तक 6792 आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड कराये जा चुके हैं। .






# Covid-19

## नगर निगम कर्मचारियों के प्राथमिक परीक्षण हेतु थर्मल स्कैनिंग

- कोविड–19 महामारी संकट के समय कार्यरत नगर निगम कर्मचारियों के प्राथमिक परीक्षण हेत थर्मल स्कैनिंग की जा रही है।
- नगर निगम मुख्यालय सहित विभिन्न वार्डो में 05 थर्मल स्कैनर की सहायता से थर्मल स्कैनिंग का कार्य किया जा रहा है।









# नगर निगम फिरोजाबाद

## कोविड–19 महामारी संकट के समय कार्यरत नगर निगम कर्मचारियों के प्राथमिक परीक्षण हेतु थर्मल स्कैनिंग (मीडिया की नजर से)

### अब हर अधिकारी, कर्मचारी की होगी थर्मल स्क्रीनिंग

कोरोना को हराना है

- कोरोना का खतरा बढ़ने पर नगर निगम ने खरीदी पांच नई मशीनें
- पहले दिन जलकल विभाग के 103 कर्मचारियों की हुई स्क्रीनिंग

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद : जिले में कोरोना महामारी तेजी से फैल रही है, जिससे नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के भी संक्रमित होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। नगर आयुक्त ने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पांच थर्मल स्क्रीनिंग मशीन मंगाई हैं। यह मशीनें सभी विभागों को उपलब्ध करा दी गई हैं। विभागाध्यक्षों को कार्यालय में तैनात हर कर्मचारी की स्क्रीनिंग कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

मेयर कैंप कार्यालय में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद नगर निगम प्रशासन में खलबली मची हुई है। सोमवार को मेयर ने स्वजनों व स्टाफ के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जांच कराई थी। मंगलवार को पांच पार्षद खुद अपनी जांच कराने पहुंचे। मेयर कैंप कार्यालय से लेकर नगर निगम तक कोरोना महामारी फैलने से कर्मचारी काफी दहशत में हैं।

नगर आयुक्त विजय कुमार ने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बुधवार को पांच थर्मल स्क्रीनिंग मशीन मंगाई हैं। इसमें से एक-एक मशीन नगर निगम, जलकल विभाग, वर्कशॉप, स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर दी गई है, जिससे हर कर्मचारी की थर्मल स्क्रीनिंग में कोई दिक्कत न आए। जलकल विभाग के सहायक अभियंता डीके सत्संगी ने सुबह जलकल विभाग के कर्मचारियों की स्क्रीनिंग कराई गई। दो घंटे में 103 कर्मचारियों की जांच की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों की रिपोर्ट नॉर्मल आई। नगर आयुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि विभाग में तैनात सभी कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



नगरनिगम में जेब्रा सओ दलवीरसिंह की थर्मल स्क्रीनिंग करते प्रवर्तन दल सदस्य • जागरण

#### 24 घंटे में बनेगा पात्रों का राशन कार्ड

जसराना : गरीबों को राशन न मिलने की शिकायत पर विधायक रामगोपाल लोधी ने तहसीलदार ब्रह्मानंद कटेरिया और पूर्ति निरीक्षक के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया है कि पात्र आवेदकों के चौबीस घंटे में राशन कार्ड बनवाए जाएंगे। ताकि किसी को भी खाने का संकट न रहे। विधायक ने बताया कि लॉकडाउन में कोई भी परिवार भूखा नहीं सोएगा। यदि किसी को कोई शिकायत है तो उनसे संपर्क कर सकता है।

#### हॉटस्पॉट गांव में सेनिटाइजेशन न कराने पर सचिव निलंबित

जासं, फीरोजाबाद: अरांव ब्लॉक के गांव गुरैया सुहेलपुर में नाई के कोरोना संक्रमित मिलने के बाद ग्राम पंचायत सचिव ड्यूटी से गायब हो गए। डीपीआरओ ने उन्हें निलंबित कर दिया है। गुरैया सुहेलपुर निवासी एक नाई मैनपुरी के बरनाहल क्षेत्र के एक गांव में एक कोरोना संक्रमित की मौत के बाद उसके परिवार के पुरुषों का मुंडन करने गया था। 16 अप्रैल को जानकारी होने पर नाई का सैंपल लिया गया तो वह भी पॉजिटिव पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने गांव और उसके एक किलोमीटर का दायरा सीज कर दिया है। पंचायती राज विभाग ने गांव के ग्राम पंचायत सचिव जमुनादास को गांव का सेनिटाइजेशन कराने और नाई की संपर्क लिस्ट बनाने के निर्देश दिए थे, लेकिन सचिव ने कोई काम नहीं किया। बल्कि उस दिन से वह गांव गए ही नहीं है। डीपीआरओ नीरज कुमार सिन्हा ने बताया कि सचिव फोन भी नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में एडीओ पंचायत ने दूसरे सचिव की मदद से सेनिटाइजेशन कराया, लेकिन कोविड-19 जैसी महामारी के दौर में लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### निगम में थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही प्रवेश

फिरोजाबाद| हिन्दुस्तान संवाद

नगर आयुक्त विजय कुमार के आदेश का बुधवार को पहले दिन सख्ती के साथ पालन कराया गया। कार्यालय में प्रवेश से पहले प्रवर्तन दल के सदस्यों ने अधिकारी एवं कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग की। उसके बाद भी उन्हें अंदर प्रवेश दिया।

नगर निगम को कोरोना महामारी से बचाने को नगर आयुक्त के निर्देश पर सभी कर्मी एवं अधिकारियों को थर्मल स्क्रीनिंग के अलावा हैंडवॉश के बाद ही कार्यालय में प्रवेश की अनुमति दी गई। थर्मल स्क्रीनिंग की जिम्मेदारी नगर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्यों को सौंपी गई। सुबह 9 बजे से प्रवर्तन दल की टीम नगर निगम के मुख्य गेट पर तैनात हो गई। जो भी कर्मचारी अथवा अधिकारी नगर निगम में पहुंचा उससे पहले उनकी जांच की गई।

मुख्य गेट पर स्क्रीनिंग के अलावा अंदर साबुन और सेनेटाइज की व्यवस्था मौजूद थी। अभी हाल ही में नगर निगम में तैनात 3 कर्मचारियों के अंदर कोरोना वायरस के लक्षण पाए गए हैं। यह तीनों कर्मचारी फिलहाल जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में तैनात हैं। राहत की बात यह रही के जांच में तीनों की रिपोर्ट नेगेटिव मिली। वहीं मेयर के एक ऑपरेटर को कोरोना संक्रमित पाया है। नगर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों के थर्मल स्क्रीनिंग के बाद ही कार्यालय में प्रवेश के के निर्देश जारी किए थे। नगर आयुक्त ने बताया है कि यह प्रक्रिया जारी रहेगी जिसकी जिम्मेदारी प्रवर्तन दल की होगी।



नगर निगम के मुख्य गेट पर एक कर्मचारी की थर्मल स्क्रीनिंग करते प्रवर्तन दल के सदस्य। • हिन्दुस्तान

### कर्मचारियों की हुई स्क्रीनिंग



सैनिटाइज करने के बाद वर्कशॉप में पहुंचे नगर निगम के वाहन

संवाद न्यूज एजेंसी

**फिरोजाबाद।** कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी दिन रात प्रयास कर रहे हैं। जहां शहर के प्रत्येक गली मोहल्लों को सैनिटाइटज कराया जा रहा है। वहीं बृहस्पतिवार को नगर निगम के वाहनों को सैनिटाइज कराने के बाद ही वर्कशॉप में भेजा गया। इसके साथ ही कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग की गई। जिससे कोरोना वायरस को रोकने में सफलता मिल सके।

कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच जहां स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ पुलिसकर्मी दिन रात ड्यूटी कर लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। वहीं नगर निगम के कर्मचारी निष्ठा और मेहनत के साथ शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के साथ ही गली मोहल्लों का सैनिटाइजेशन करने में लगे हैं। जिससे बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

नगर निगम के सफाई कर्मचारी और अधिकारी हॉटस्पॉट वाले क्षेत्र दुर्गेशनगर, शीशग्रान, झमईया टोला के साथ अन्य क्षेत्रों में जाकर सैनिटाइजर करने के साथ ही साफ व्यवस्था की कमान संभाले हुए हैं। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को नगर आयुक्त विजय कुमार ने वाटर वर्क्स के बाहर नगर निगम के सभी वाहनों को जहां सैनिटाइज करने के बाद वर्कशॉप में प्रवेश दिलाया वहीं कर्मचारियों व अधिकारियों की थर्मल स्क्रीनिंग की गई।

# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

## फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल स्प्रे का कार्य

- नगर निगम परिक्षेत्र में प्रतिदिन 04 वार्डो में सघन फॉगिंग का कार्य किया जाता है।
- लार्वीसाइडल स्प्रे का कार्य सभी 70 वार्डो में नियमित रूप से प्रतिदिन किया जाता है।







# Covid-19

## कोविड–19 महामारी को फैलने से बचाने हेतु मास्क वितरण की कार्यवाही।

# नगर निगम फिरोजाबाद

- कोविड–19 महामारी को फैलने से बचाने हेतु शहर के फल एवं सब्जी विक्रेताओं, दूध विक्रेताओं, कम्युनिटी किचन में कार्यरत कर्मचारी एवं नगर निगम के सभी कर्मचारी एवं आम नागरिकों को मास्क वितरण किया जा रहा है।
- अभी तक कुल 24500 मास्क वितरण किये जा चुके है।











# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## मास्क वितरण (मीडिया/सोशल मीडिया की नजर से)

**सराहनीय** | शहरी आजीविका केंद्र द्वारा स्वयं सहायता समूह की मदद से मास्क बनवाए

### अधिकारी व पुलिसकर्मियों को बांटे मास्क

जासं, फीरोजाबाद: लॉकडाउन के चलते आठ दिन से अधिकारी, कर्मचारियों के साथ पुलिसकर्मी दिन-रात ड्यूटी कर रहे हैं। कोरोना वायरस से बचाव के लिए शहरी आजीविका केंद्र द्वारा स्वयं सहायता समूह की मदद से मास्क बनवाए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त विजय कुमार द्वारा गुरुवार को सुभाष तिराहा, जैन मंदिर, आगरा गेट, गांधी पार्क, सदर बाजार में दिन-रात ड्यूटी कर रहे अधिकारी, कर्मचारियों को मास्क के साथ सेनेटाइजर भी बांटे गए। उन्होंने रैन बसेरा में रुकने वाले शरणार्थियों को शारीरिक दूरी का पालन कराया।



पुलिसकर्मी को मास्क व सेनेटाइजर देते नगर आयुक्त विजय कुमार ● जागरण

इसके साथ निश्शुल्क भोजन के साथ मास्क व सेनेटाइजर की व्यवस्था कराई गई। एडीएम कार्यालय के सभी कर्मचारियों को मास्क व सेनेटाइजर वितरित किए गए। वितरण कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी के महासचिव विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ, सचिव नितेश अग्रवाल, डूडा के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, विनोद त्रिपाठी, शुभम गुप्ता शामिल रहे।

**Municipal Corporation Firozabad** @MunicipalCorpo9 · Apr 17

नोबेल कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम हेतु आज 17-04-20 को जिलाधिकारी, एसएसपी एवं नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर भ्रमण किया गया और मास्क वितरित किए गए। साथ में नगर निगम द्वारा हाथ धोने के लिए लगाए गए वाश बेसिन का उपयोग भी किया गया। #IndiaFightsCorona @CMOfficeUP @UPGovt @firozabaddm




1 6

**Nagar Nigam Firozabad**, Mohd Bilal और 17 अन्य लोगों के साथ है.
23 अप्रैल को 5:39 अपराह्न बजे

#Nagar_Nigam_Firozabad
महापौर महोदया सुश्री नूतन राठौर जी के निर्देशानुसार कोरोना वायरस के खिलाफ महायुद्ध में पलायन किये जा रहे परिवारों/श्रमिकों, असहारा, निराश्रित, गरीब व बेघर व्यक्तियों की सेवा हेतु नगर निगम द्वारा संचालित कम्युनिटी किचन का आज दिनांक 23 अप्रैल को नगर आयुक्त महोदय श्री विजय कुमार जी द्वारा निरीक्षण किया गया साथ ही कम्यूनिटी किचन में कार्य कर रहें कर्मचारियों को कोरोना से बचाव हेतु मास्क वितरित किये।
#indiafightscorona
#firozabadfightscorona
#हारेगाकोरोनाजीत... और देखें



# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

# गार्बेज वल्नरेबल बिन्दुओं का उन्मूलन

# नगर निगम फिरोजाबाद

## गार्वेज वल्नरेबल बिन्दुओं का उन्मूलन

- लॉकडाउन अवधि में ऐसे स्थान जहॉ लम्बे समय के कचरा पडता था एवं एकत्रित हो गया था, को चिन्हित कर सफाई कराकर समाप्त किये जाने की कार्यवाही गतिमान है।
- शहर के लगभग 500 खाली पड़े भूखण्डो को साफ करा लिया गया है।

**सफाई के पहले** | **सफाई के पश्चात**









# नगर निगम फिरोजाबाद

# Covid-19

## शहर में बाहर से आये व्यक्तियों का डोर–टू–डोर सर्वे कार्य का विवरण

# नगर निगम फिरोजाबाद

## शहर में बाहर से आये व्यक्तियों का डोर–टू–डोर सर्वे कार्य

- नगर निगम फिरोजाबाद के प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर का कोबिड–19 महामारी के दृष्टिगत सर्वे किया जा रहा है।
- दिनांक 06.05.2020 तक 77227 घरो का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- दिनांक 06.05.2020 तक 03 व्यक्ति विदेश से एवं 654 व्यक्ति दिल्ली, मुम्बई, इत्यादि देश के विभिन्न शहरों से आये है, इनका ब्यौरा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक परीक्षण हेतु प्रेषित कर दिया गया है, एवं सर्वे कार्य गतिमान है।







1.06 लाख घरों का होगा सर्वे

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। जिन इलाकों में कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं, उन क्षेत्र के पांच किलोमीटर एरिया को स्वास्थ्य विभाग ने हाइरिस्क माना है। घरों को लगातार सैनिटाइज किया जा है। सर्वे के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक लाख छह हजार घर चयनित किए हैं। तीन सौ टीमें बनाकर स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे कार्य शुरू कर दिया है। सीएमओ ने जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। ताकि संक्रमित या व्यक्ति में कोरोना लक्षण मिलने पर तत्काल उसे क्वारंटीन किया जा सके।

शीशग्रान, हुसैनी मस्जिद और दुर्गेश नगर में कोरोना के 10 मरीज मिले हैं। इसलिए इन क्षेत्रों को हॉटस्पॉट घोषित कर सील कर दिया गया है। जब मरीजों की संख्या तीन थी, तब स्वास्थ्य विभाग ने तीन किलोमीटर एरिया को सैनिटाइज किया था और 19 हजार घरों का सर्वे कराया था। अब मरीजों की संख्या दस पहुंच गई तो विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सीएमओ डॉ. एसके दीक्षित ने पांच किलोमीटर के एरिया को सैनिटाइज करने के साथ सर्वे कार्य करने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र में आने वाले एक लाख छह हजार घरों का सर्वे शुरू हो चुका है। तीन सौ टीमें लगाई गई है। एक टीम में स्वास्थ्यकर्मी, राजस्व विभाग, नगर निगम का कर्मचारी को शामिल किया गया है। यह टीमें घर-घर जाकर बाहर से आने वाले व्यक्तियों के बारे में जानकारी हासिल करेंगी। पूछेंगे कि किसी घर के सदस्य को बुखार, खांसी या अन्य बीमारी तो नहीं।

लॉकडाउन के दौरान मोहल्ला बगिया में बंद की गई गलियां। संवाद

सीएमओ ने नगला बरी का किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। सीएमओ डॉ. एके दीक्षित ने नगला बरी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस केंद्र को इमरजेंसी सेवाओं के लिए पुनः खोला गया है। सीएमओ ने बताया कि सुबह आठ से रात आठ बजे तक गंभीर मरीजों का इलाज हो सकेगा। उन्होंने स्वास्थ्य पर बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहां एसीएमओ की ड्यूटी भी लगाई गई है।

# Covid-19

## मीडिया की नजर से

# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## मीडिया की नजर से

### सेनेटाइज में जुटे नगर निगम व फायर ब्रिगेड

फिरोजाबाद। कोरोना महामारी से जंग लड़ने के लिए नगर निगम और फायर ब्रिगेड कर्मचारी संयुक्त रूप से शहर में अभियान चलाने में जुटे हैं। दोनों ही विभागों के कर्मचारियों ने सीलिंग क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया।

शुक्रवार सुबह 8 बजे नगर निगम के कर्मचारी अपनी मशीनों के साथ सीलिंग क्षेत्र रसूलपुर पहुंच गए। जहां उन्होंने बंद गलियों के अलावा दुकानों व सड़कों पर सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया। वहीं दूसरी ओर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने अपनी दमकल के साथ शहर की विभिन्न मार्गों का सेनेटाइज किया। लोगों से घरों के अंदर ही रहने की अपील की।

#### निकल रहीं कई टीमें

नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक अरविंद भारती ने बताया कि नगर निगम की कई टीमें क्षेत्रों में जाकर मकान दुकान व सड़कें सेनेटाइज कर रही हैं। किन्हीं कारणों से अभी तक सेनेटाइज का काम नहीं हो सका है वह नगर निगम कंट्रोल रूम में सूचना दे सकते हैं।

### आरोग्य सेतु के प्रचार प्रसार को दौड़ी टीमें

फिरोजाबाद। कोरोना वायरस की जंग जीतने के लिए नगर निगम हर संभव प्रयास में जुटा हुआ है। इसी क्रम में नगर निगम की टीमें अब लोगों को कोरोना वायरस से आगाह करने को आरोग्य सेतु एप का घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं।नगर आयुक्त विजय कुमार ने बताया है कि मोबाइल में आरोग्य सेतु एप को डाउनलोड करने से लोगों को कोरोना वायरस से बचाव में काफी सहायता मिलेगी। नगर आयुक्त ने बताया नगर निगम की टीमों द्वारा वाहनों से इसका पूरे शहर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### 5000 लीटर की मशीन से होगा सैनिटाइजेशन



सेंट्रल चौराहे पर नई सैनिटाइजिंग मशीन को रवाना करतीं मेयर नूतन राठौर • जागरण

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: कोरोना की चेन तोड़ने को नगर निगम प्रशासन द्वारा पांच हजार लीटर की डबल ब्लोअर स्प्रे मशीन तैयार कराई गई है। पूरे यूपी में इस तरह की पहली स्प्रे मशीन है। मेयर ने नई स्प्रे मशीन का शुभारंभ करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों का सैनिटाइज कराया।

नगर निगम के हॉटस्पॉट व प्रमुख मार्गों पर सैनिटाइज अभियान तेज करने को दो सप्ताह से नगर निगम द्वारा नई स्प्रे मशीन तैयार कराई जा रही थी। जलकल विभाग के सहायक अभियंता डीके सत्संगी ने साउथ की कंपनी भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. (बीएचईएल) की तकनीकी का प्रयोग किया है। इसके लिए गुड़गांव की एक कंपनी से ब्लोअर मंगाए गए। इसके उपरांत पांच हजार लीटर की डबल ब्लोअर स्प्रे मशीन तैयार की गई है। इसको चलाने के लिए एक जेनरेटर लगवाया गया है। यह मशीन 40 फीट तक दोनों साइड की दीवारें एक बार में ही सैनिटाइज कर देगी।

मेयर नूतन राठौर ने नई स्प्रे मशीन का शुभारंभ करते हुए सुभाष तिराहे से नालबंद चौराहे तक सैनिटाइज कराया। उन्होंने बताया कि पूरे यूपी में अब तक कोई ऐसी स्प्रे मशीन नहीं है। इस मशीन को जलकल विभाग के सहायक अभियंता डीके सत्संगी द्वारा डिजाइन किया है। यह मशीन चार घंटे में 15 से 20 किमी. एरिया सैनिटाइज को सेनिटाइज करने की क्षमता रखती है।

### सेनिटाइज करने को दौड़ी निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें



हॉट स्पॉट क्षेत्र में सेनेटाइजिंग करता नगरनिगम कर्मचारी • जागरण

संस, फीरोजाबाद : शहर के सीलिंग रसूलपुर क्षेत्र में सेनिटाइज के अलावा मैपिंग का काम जारी है। सोमवार को नगर निगम के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मस्जिदों, गली, मुहल्ले, दुकानों को सेनिटाइज किया।

सोमवार को टीमों ने सबसे पहले मोती मस्जिद, हुसैनी, मुहल्ला शीशग्रान, होली वाली पट्टी, हेलीपैथ स्कूल, झमैया टोला स्थित मस्जिदों को पूरी तरह से सेनिटाइज किया। इस दौरान सभी मस्जिदों को खाली करा लिया था।

इसके अलावा गलियों, मकानों, दुकानों पर भी सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया। नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक अरविंद भारती ने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों के अलावा दूसरी अन्य टीम ने थाना दक्षिण के छोटी छपैटी, बड़ी छपैटी, मुहल्ला कोटला, मुहल्ला टीला, सहित कई क्षेत्रों में टैंकरों से सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया।

### नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में सैनेटाइजर का कराया छिड़काव



### जेटिंग मशीन, टैंकरों से शहर कराया सेनेटाइज



### कान्हा गौशाला का किया निरिक्षण

### नगर अयुक्त के निर्देशन में चला कोरोना वायरस नियंत्रण अभियान

### हाईवे, बस स्टैंड, बाजार कराए सेनेटाइज



# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## मीडिया की नजर से

### पांच सेक्टर में बांटकर कराया सेनेटाइज



पेट्रोल पंप पर सेनेटाइजिंग करते निगमकर्मी • जागरण

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: कोरोना वायरस के खतरे से निपटने को नगर निगम की जंग तेज हो गई है। पूरे शहर को सेनेटाइज करने के लिए पांच सेक्टर में बांटा गया है। शुक्रवार को सभी वार्डों में युद्धस्तर पर सेनेटाइज अभियान चला। मॉनीटरिंग के लिए सुबह से अधिकारी वार्डों में दौड़ते रहे।

नगर आयुक्त विजय कुमार द्वारा सेक्टर सेनेटाइज अभियान के लिए वार्ड वाइज अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रथम टीम में सुभाष तिराहे से सेंट्रल चौराहा तक, वार्ड सैलई, विजय नगर, नगला मिर्जा, सरजीवन नगर, श्रीधाश्रम, नगला करन सिंह, दखल, तिलक नगर, टापाखुर्द में सोडियम हाइपोक्लोराइड सोल्यूशन का स्प्रे कराया गया। दूसरी टीम ने कश्मीरी गेट, नगला बरी, ... कॉलोनी, दुर्गेश नगर, लालपुर, ताड़ो वाली बगिया वार्ड में अभियान चलाया।

तीसरी टीम ने हनुमान गंज, शीतल खां, आर्य नगर, मुहल्ला हुसैनी, गालिब नगर, राही नगर, हाजीपुरा, चौथी टीम द्वारा सुहाग नगर, नगला पचिया, करबला, ढोलपुरा, महावीर नगर, सरस्वती नगर, हजा, ककरऊ, न्यू रामगढ़, नगला भाऊ, टापाकलां में सेनेटाइज किया। पांचवीं टीम द्वारा नया रसूलपुर, बगिया, पैमेश्वर गेट, कटरा सुनारान, आजाद नगर, रामनगर, लेबर कॉलोनी, नगला किशनू में सेनेटाइज कराने को शाम तक कर्मचारी दौड़ते रहे। सभी वार्डों में एंटीलार्वा का स्प्रे कराया गया। जेडएसओ दलवीर सिंह, सेनेटरी इंस्पेक्टर स्वदेश यादव, अरविंद भारती, महेश कुमार, मनोज श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार ने अभियान का निरीक्षण किया।

### शहर में प्रमुख स्थानों रखी पानी की टंकियां

फिरोजाबाद। कोरोना वायरस से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा शहर में प्रमुख स्थानों पर सेनेटाइजर के अलावा पानी की टंकियां रखी गई हैं। इस तरह सुविधा मिलने के बाद लोगों को काफी राहत मिली है। नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर जलकल विभाग द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता चंदनसिंह ने बताया है कि शहर में लगभग दर्जनभर स्थानों पर यह व्यवस्था कराई गई हैं ताकि लोगों को वायरस से बचाया जा सके।

### फायर ब्रिगेड ने सेनेटाइज की मस्जिदें

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

प्रतिबंधित क्षेत्र रसूलपुर के अलावा अन्य इलाकों को सेनेटाइज करने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मी पहुंचे। तीनों महत्वपूर्ण मस्जिदों को पूरी तरह खाली कराकर सेनेटाइज किया।

सुबह होते ही फायर ब्रिगेड कर्मी पूरे दलबल के साथ रसूलपुर क्षेत्र में पहुंच गए। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने सीलिंग क्षेत्र को पूरी तरह सेनेटाइज करने के बाद रसूलपुर स्थित डा.भीमराव आंबेडकर पार्क, रसूलपुर मोहल्ला, आसफाबाद चौराहे से रेलवे फाटक रोड, नीबू वाला बाग को भी सेनेटाइज किया। नगर निगम टीमों द्वारा भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जैटिंग मशीन, टैंकरों के अलावा पेट्रोल एवं बैटरी चालित मशीनों द्वारा साठ फुटा रोड, जाटवपुरी चौराहा, रामगढ़ रोड थाने तक सेनेटाइज किया। वहीं दूसरी टीम द्वारा थाना लाइनपार क्षेत्र में भी हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया।

**पालिका के पांच ट्रैक्टरों से किया सेनेटाइज : सिरसागंज।** दिन प्रतिदिन बढ़ रहे कोरोना के खतरे को कम करने के लिए सिरसागंज में नगर पालिका ने नगर को विभिन्न हिस्सों में बांटकर 5 विशेष ट्रैक्टर लगाकर सेनेटाइज कराया। मंगलवार को गांधी मण्डी स्थित नगर पालिका परिषद की ओर से पांच विशेष ट्रैक्टरों को रवाना किया।



फायर विभाग की गाड़ियों से रसूलपुर को इस तरह से सेनेटाइज किया जा रहा है।

#### सुरक्षा के साथ संक्रमितो के घर सेनेटाइज कराए

कोरोना के संक्रमितो के घरों में सेनेटाइज करने वालों को अब पूरी सुरक्षा के साथ जाना है। इसलिए नगर निगम ने ऐसे दो कर्मचारियों की ड्यूटी पूरी सुरक्षा उपकरण के साथ लगाई है ताकि संक्रमण इन्हें न होने पाए। रसूलपुर इलाके में अब तक 10 कोरोना संक्रमित पाए जा चुके हैं। इसलिए यहां पर संक्रमितों के घरों को लगातार सेनेटाइज कराया जा रहा था। नगरायुक्त विजय कुमार ने बताया कि मंगलवार से अब पूरी तरह सुरक्षा कवच पहनकर दो कर्मचारी इन संक्रमितों के घरों पर जाएंगे।

### सीलिंग क्षेत्र में गलियों और दुकानों को किया सेनेटाइज



नालबंदान क्षेत्र में टीमों ने सैनेटाइजिंग कर दुकानों, मकानों से संक्रमण दूर किया।

फिरोजाबाद| हिन्दुस्तान संवाद

नगर निगम की टीमों ने शुक्रवार को हॉट स्पॉट इलाकों का मशीनों द्वारा सेनेटाइज किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त विजय कुमार के अलावा अन्य अधिकारी और क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहे। घंटाघर चौराहे से रसूलपुर थाना एवं नई बस्ती को भी सेनेटाइज किया गया।

नगर आयुक्त की देखरेख में सुबह से ही रसूलपुर क्षेत्र में स्कूटर मशीन, पेट्रोल, बैटरी चालित के अलावा हाथों की मशीनों द्वारा सेनेटाइज का प्रारम्भ किया गया। टीमों ने गलियों के अलावा सभी सड़कों, मकानों को सेनेटाइज करने के अलावा गलियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। सेनेटाइज के समय सभी गलियों को पूरी तरह सील किया गया। एक अन्य टीम द्वारा घंटाघर चौराहे से रसूलपुर थाने तक सड़क एवं दुकानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया गया। इसी तरह तीसरी टीम द्वारा मोहल्ला नई बस्ती में भी मशीनों द्वारा सेनेटाइज का काम किया गया।

### सेनेटाइजेशन के लिए बनाई दो विशेष टीमें

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

**योजना**

- दोनों ही टीमों को हॉट स्पॉट क्षेत्रों में किया गया है तैनात
- हाइपोक्लोराइट छिड़कने के साथ होगी सफाई व्यवस्था

परिस्थितियों को देखते हुए नगर निगम द्वारा हॉट स्पॉट क्षेत्रों के लिए अलग से दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। गठित की गई टीमें केवल अपने-अपने क्षेत्रों में सेनेटाइजिंग के अलावा सफाई व्यवस्था पर ध्यान देंगी।

नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर नगर निगम में दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। यह विशेष टीमें केवल हॉट स्पॉट क्षेत्र के लिए बनाई गई हैं। स्वच्छता निरीक्षक अरविंद भारती ने बताया है कि जिस तरीके से शहर में हॉट स्पॉट का दायरा बढ़ता जा रहा है उसे देखते हुए विशेष टीमों का गठन बहुत जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया है कि दोनों टीमों का काम केवल अपने तैनाती स्थल पर ही सेनेटाइज के अलावा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, एंटी लार्वा का छिड़काव करना है। मंगलवार को दोनों विशेष टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर सेनेटाइजेशन का काम किया।

**थाने और बैंक भी हुए सेनेटाइज:** इस संबंध में स्वच्छता निरीक्षक ने बताया कि हॉट स्पॉट क्षेत्रों के अलावा नगर निगम की तीसरी टीम ने शहर के थाना उत्तर, दक्षिण, रसूलपुर, रामगढ़ के अलावा लाइनपार के साथ सभी बैंकों में भी हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव किया।

उन्होंने बताया दवा छिड़काव के दौरान जोनल सेनेट्री ऑफिसर दलवीर सिंह मौजूद रहे।

### जिला मुख्यालय किया सैनिटाइज

संवाद न्यूज एजेंसी

फिरोजाबाद। कोरोना संक्रमण के दौर में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी के पॉजिटिव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। डीएम, एडीएम कार्यालय, एसएसपी दबरई कार्यालय के साथ न्यायालय प्रांगण को शनिवार को सैनिटाइज कराया गया। प्रशासन की ओर से न्यायालय में प्रवेश करने में और सख्ती बरतना शुरू कर दिया।

कोरोना की जांच रिपोर्ट में शुक्रवार को मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में तैनात लिपिक व मीडियाकर्मी के पॉजिटिव आने के बाद से पुलिस-प्रशासन सावधान हो गया है। शनिवार सुबह से जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम, एडीएम कार्यालय, डीएम कार्यालय के साथ अन्य कार्यालयों को सैनिटाइज किया गया। इस दौरान निगम की टीम ने मीटिंग हॉल सहित एसएसपी कार्यालय के प्रवेश द्वार, एसपी देहात तथा कार्यालयों में फाइल के साथ कक्षों को सैनिटाइज किया। इसके बाद टीम जनपद न्यायालय प्रांगण में पहुंची। न्यायालय में जिला जज के साथ ही अन्य कक्षों को भी सैनिटाइज किया गया।



जिला मुख्यालय परिसर के आसपास सैनिटाइज करती निगम की टीम। संवाद

### नगर निगम ने मंगाया 26 टन हाइपोक्लोराइड



फिरोजाबाद। लॉकडाउन के बीच नगर निगम ने शहर में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराने के लिए बृहस्पतिवार को 26 टन सोडियम हाइपोक्लोराइड मंगाया है। बृहस्पतिवार को नगर निगम की टीमें गली मोहल्लों के साथ शहर के अन्य मार्गों पर भी स्प्रे करती नजर आईं। सहायक अभियंता धर्मेंद्र सत्संगी ने बताया कि दो माह तक शहर में लगातार स्प्रे कराने के लिएसोडियम हाइपोक्लोराइड मंगाया गया है। संवाद

### 1236 ठेल, खोमचा-फेरी वालों की सूची फॉरवर्ड

फिरोजाबाद। नगर निगम और नगर पालिका शिकोहाबाद क्षेत्र में फुटपाथ पर ठेल-खोमचा लगाने वालों की सूची शासन को भेजी गई है। मंगलवार को निदेशालय द्वारा स्थानीय डूडा विभाग से सूची मांगी गई थी। ठेल-खोमचा और फेरी वालों को जल्द ही अनुकंपा राशि मिलने की उम्मीद है। विगत मंगलवार को निदेशक नगरीय विकास अभिकरण द्वारा नगर निगम और पालिका क्षेत्र शिकोहाबाद में फुटपाथ पर ठेल-खोमचा लगाने वालों की सूची तत्काल मांगी गई थी। इस पर बृहस्पतिवार को स्थानीय डूडा विभाग ने सूची तैयार कर शासन को अग्रेषित कर दी। सूची में फिरोजाबाद में 953 एवं पालिका क्षेत्र शिकोहाबाद में 383 ठेल, खोमचा एवं फेरी वालों कुल 1236 श्रमिकों के नाम शामिल हैं।

# नगर निगम फिरोजाबाद

## मीडिया की नजर से

### मेडिकल कॉलेज सरकारी कार्यालय कराए सेनेटाइज

जागरण संवाददाता, फीरोजाबाद: कोरोना वायरस से चिकित्सकों, तीमारदारों, अधिकारी, कर्मचारियों को बचाने के लिए सेनेटाइज अभियान सोमवार को भी जारी रहा। सुबह आठ बजे से नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी शहर से जिला मुख्यालय तक दौड़े।

देश भर में कोरोना वायरस का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके साथ नगर निगम का मॉपिंग अभियान भी तेजी पकड़ता जा रहा है। सोमवार को मेडिकल कॉलेज के सभी वार्ड, ट्रॉमा सेंटर, सौ शैय्या, टीबी वार्ड, आयुष विंग में दरवाजे, खिड़की, जंगला, बेड, मेज, कुर्सी, चिकित्सकों के चैंबर को सेनेटाइज किया गया। इसके उपरांत टीम ने जलकल विभाग, नगर निगम के सभी कार्यालयों में अभियान चलाया। एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैंक ऑफ इंडिया, गणेश नगर पार्क, बच्चों के खेलने झूले, रेलिंग, बैंचों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड (एक फीसद) सोल्यूशन से मॉपिंग कराई गई। जनपद न्यायालय व जिला मुख्यालय पर भी अभियान चला। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को कोरोना वायरस से बचाव को जागरूक किया गया। मॉपिंग अभियान के साथ-साथ वार्ड आठ टापाकलां, वार्ड 18 बासद, वार्ड 22 आसफाबाद, वार्ड 44 सुहाग नगर, वार्ड 58 हबीबगंज में एंटीलार्वा का स्प्रे कराया गया।

### हाईवे को नगर निगम ने कराया सैनिटाइज

**फिरोजाबाद।** दिल्ली, गुड़गांव, राजस्थान के साथ अन्य प्रदेशों से आने वाले लोगों की संख्या में सोमवार को कमी आते ही नगर निगम ने हाईवे को सैनिटाइज कराने का कार्य शुरू कर दिया। इसके लिए नगर निगम द्वारा टीमों का गठन किया गया था। मीरा चौराहा से लेकर आसफाबाद तक हाईवे को पूरी तरह से सैनिटाइज किया गया। गैर प्रदेशों से आने वाले लोग जिन स्थानों पर बैठे थे। उन स्थानों पर विशेष रूप से सैनिटाइज कराने के साथ ही साफ सफाई कराई गई थी। जिसमें प्रमुख रूप से बस स्टैंड, सुभाष तिराहा, रसूलपुर, आसफाबाद, सुहागनगर चौराह, नगला भाऊ, मीरा चौराहा के साथ सुभाष तिराहा स्थित छदामीलाल जैन मंदिर के बाहर के स्थानों को सैनिटाइज किया गया। इसके अतिरिक्त हाईवे पर बने डिवाइडर और दोनों ओर लगी लोहे की रेलिंग व सुभाष तिराहा से लेकर गांधी पार्क चौराहा पार्क तक बने डिवाइडर को भी सैनिटाइज किया गया। सरकारी कार्यालयों, रसूलपुर थाने के साथ हाईवे पर लगे बैरियरों को भी सैनिटाइज किया गया। संवाद

### ननि अधिकारियों कर्मचारियों ने दिया एक दिन का वेतन

जासं, फीरोजाबाद: नगर निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया है। नगर आयुक्त विजय कुमार ने गुरुवार को 3.02 लाख रुपए का चेक डीएम को सौंपा। नगर आयुक्त ने कहा कि संकट की इस घड़ी में देश को एकजुट होने की आवश्यकता है। सभी कर्मचारियों ने स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन दिया है।

### नगर निगम ने कराई सरकारी कार्यालयों में सफाई

**फिरोजाबाद।** कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा शनिवार को भी सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा एसपी सिटी आफिस के साथ पुलिस चौकी और सरकारी कार्यालयों व बैंकों में भी विशेष सफाई की।

इस दौरान नगर निगम अधिकारियों ने जनता से कोरोना वायरस के बचाव के लिए जनता से अपील की कि वह साफ सफाई के साथ ही जरूरी कार्य से ही घरों से बाहर निकले। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें। इस दौरान जेडएसओ दलवीर सिंह, अरविंद भारती, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

### मेगा मार्ट से घर तक पहुंचेगा सामान

फीरोजाबाद: जिला व नगर प्रशासन द्वारा संकट की घड़ी में लोगों तक हर जरूरी चीज पहुंचाने की कवायद में जुटा है। नगर आयुक्त विजय कुमार ने बताया है कि विशाल मेगा मार्ट द्वारा लोगों के घर तक सामान पहुंचाने की सहमति जताई है। पूरे शहर में जिन लोगों को घरेलू सामान की जरूरत हो, वह फोन नंबर 9557900222, 7906760927 पर ऑर्डर दे सकते हैं। (संसू)

### कोरोना वायरस के प्रति नगर आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को किया जागरूक

**बस स्टैंड, मॉल एवं होटलों की कराई सोडियम हाइपोक्लोराईट से मोपिंग**

फिरोजाबाद। कोरोना वायरस को लेकर नगर निगम द्वारा बस स्टैंड, मॉल एवं होटलों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों का कोरोना वायरस से बचाव के लिये जानकारी दी गई। साथ ही सार्वजनिक जगहों पर सोडियम हाइपोक्लोराईट से मोपिंग कराई गयी।

नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देशन में कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ जनजागरूकता अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त सबसे पहले बस स्टैंड पहुंचे। जहाँ स्टेशन इंचार्ज को प्रत्येक 6 घंटे में फर्श, दीवारों, पूछताछ खिड़की, टिकट खिड़की, कुर्सियों एवं यात्रियों के बैठने वाली कुर्सियों को सोडियम हाइपोक्लोराईट से मोपिंग कराने के साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने के निर्देश दिये। साथ निगम की टीम के द्वारा बस स्टैंड की मोपिंग की गई। इसके बाद नगर आयुक्त विशाल मेगा मॉल एवं होटल मोनार्क पहुंचे। वहां उपस्थित कर्मचारियों एवं लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के बारे में जागरूक किया। साथ ही स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। अभियान के दौरान जोनल सेनेटरी ऑफीसर दलवीर सिंह, जितेन्द्र कुमार, महेश कुमार, मनोज श्रीवास्वत, संजीव चौरसिया, प्रकाश सिंह, दिनेश पाल सिंह, सुदेश यादव, विपन पाण्डे एवं खाद्य निरीक्षक मौजूद रहे।

### 5000 लीटर क्षमता की स्प्रे मशीन की तैयार

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

**जलकल विभाग**

- नगर में आज प्रयोग के लिए उतारा जा सकता है मशीन को
- दो बड़े एग्जास्ट फैन लगे हैं जो डीजल इंजन द्वारा चलेंगे

जलकल विभाग में एक ऐसी स्प्रे मशीन को तैयार किया है जिसकी क्षमता 5000 लीटर बताई गई है। यह स्प्रे मशीन चंद घंटों में ही पूरे शहर को सैनेटाइज करने में सहायक साबित होगी।

विभाग के सहायक अभियंता धर्मेंद्र सत्संगी ने बताया है कि यह स्प्रे मशीन अपने आप में अलग होने के साथ-साथ काफी दमदार होगी। स्प्रे मशीन एक बार में 5000 लीटर हाइपोक्लोराइट दवा छिड़कने की क्षमता रखती है। उन्होंने बताया है कि फिलहाल मशीन में कार्य जारी है। यह कैसा काम करेगी इसके लिए गुरुवार को नगर में उतारा जाएगा। सत्संगी ने बताया है कि बड़े वाहन में रखी इस मशीन में दो बड़े एग्जास्ट फैन लगे हैं जो डीजल इंजन द्वारा चलाए जाएंगे। इसके अलावा वाहन में एक बड़ी टंकी रखी जाएगी जिसमें हाइपोक्लोराइट दवा होगी। सहायक अभियंता ने बताया है कि अभी इस स्प्रे मशीन को कोई नाम नहीं दिया है।



जलकल विभाग में बनाई खुद की मशीन जिसमें दो बड़े एग्जॉस्ट फैन लगा है जिससे शहर को सैनेटाइज गुरुवार को किया जाएगा। • हिन्दुस्तान

### हॉटस्पॉट क्षेत्र में सेनेटाइज को बढ़ाई गईं जिले में टीमें

इस समय फैल रहे कोराना वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए तेजी से किया जा रहा है सेनेटाइजिंग का काम

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

कोरोना वायरस के प्रभाव को कम करने के लिए शुक्रवार को हॉट स्पॉट क्षेत्र में नगर निगम की टीमों की संख्या बढ़ा दी गई। पूरे क्षेत्र में तीन टीमों ने टैंकरों के अलावा पेट्रोल और बैटरी चालित मशीनों द्वारा हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव किया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भी सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा का स्प्रे किया।

स्वच्छता निरीक्षक अरविंद भारती ने बताया के नगर आयुक्त विजय कुमार के निर्देश पर सीलिंग क्षेत्र रसूलपुर में हाइपोक्लोराइट दवा के छिड़काव के लिए दो की जगह तीन टीमें तैनात की गई। पूरे क्षेत्र में टैंकरों के अलावा पेट्रोल तथा बैटरी चालित मशीनों द्वारा दवा का छिड़काव किया गया। इसके अलावा सड़क के आसपास खड़े वाहनों को भी सेनेटाइज किया गया। स्वच्छता निरीक्षक ने बताया है कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी विभिन्न तरीकों से सोडियम हाइपोक्लोराइट दवा का छिड़काव किया गया। स्टेशन रोड मुख्य बाजार नालबंद चौराहा रसूलपुर थाना 60 फुटा रोड जाटवपुरी चौराहा पर भी दवा का छिड़काव किया।

**रमजान को देखते हुए विशेष व्यवस्था**

स्वच्छता निरीक्षक ने बताया है कि रमजान माह को देखते हुए मुस्लिम क्षेत्रों में हाइपोक्लोराइट दवा के छिड़काव के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मकान दुकानों के अलावा मस्जिदों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# नगर निगम फिरोजाबाद

एक कदम स्वच्छता की ओर

## मीडिया की नजर से

### युद्धस्तर पर चला सेनेटाइज अभियान



### वार्डों में सब्जी व दूध की कराई गई बिक्री

कुनाल ने गुल्लक तोड़कर दी सहायता राशि



### राशन की होम डिलेवरी की तैयारी

खाद्य सामग्री विक्रेताओं की सूची तैयार, गलियों तक पहुंचाई सब्जियां, फोन पर बुक कराएंगे लोग



शहर की दुकानों पर खत्म हुआ राशन, लाने की व्यवस्था कराए जिला प्रशासन

### चला अभियान, लेबर कॉलोनी हुई सेनेटाइज

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने को कॉलोनीवासियों की मुहिम, नगर निगम की टीम और पुलिस ने भी किया सहयोग



### नगर निगम की टीमों ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए सभी ऑटो में दवा का छिड़काव कराया

## सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव

कोरोना से लड़ाई



### जमातियों के इलाकों को सेनेटाइज करने दौड़ी टीमें



## कोरोना वायरस से बचाव करते हुए नामित पार्षदों ने ली शपथ

कोरोना से लड़ाई

मनोनीत पार्षद

मात्र सात मिनट लगे शपथ ग्रहण में

एक मीटर का फासला रखा गया दो कुर्सियों के बीच में



### दिहाड़ी मजदूरों को खोज रहीं नगर निगम



# नगर निगम फिरोजाबाद

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

## मीडिया की नजर से



घरों तक सप्लाई करने के लिए मोहल्लेवार दुकानदार अधिकृत

राशन सामग्री, सब्जी, दवाओं के साथ पानी की आपूर्ति करने का काम करेंगे

यहां मिलेंगी दवाएं

यहां से खरीदें सब्जी....

जलापूर्ति के लिए ये लोग अधिकृत



कोरोना योद्धाओं का फूल बरसाकर किया सम्मान

लॉकडाउन के नायक



मॉपिंग के लिए दौड़ती रहीं टीमें

कोरोना वायरस से बचाव को बाजार, मंदिर व सरकारी कार्यालयों में पहुंची नगर निगम की टीमें

बंद हुआ शिकोहाबाद का बालाजी मंदिर



विधायक और महापौर ने चलाई सैनिटाइजर म...

फिरोजाबाद। कोरोना आपदा से सुहागनगरी को बचाने को विधायक मनीष असीजा और महापौर नूतन राठौर नगर आयुक्त के साथ टीमों को लेकर निकले। उन्होंने सैनिटाइजर मशीन को खुद चलाने के साथ कर्मचारियों को उत्साह बढ़ाया। लोगों को जागरूक भी किया। विधायक ने कहा कि जिले की जनता का इस वायरस से बचाव पूरी ताकत से किया जाएगा। नगर ... विजय कुमार ने कहा टीमें शहर में सैनिटाइज कर रहीं हैं। संवाद



...क्रमित दफनाने की सूचना पर दौड़ी ननि टीम, किया सैनिटाइज



...बैंकों से लेकर सरकारी विभागों में दौड़ी नगर निगम की टीम